CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 12 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के कई शहरों में धुंध, दृश्यता घटी, 15 मार्च से बारिश के आसार पेज 2



अभिषेक-ईशान की जोड़ी ने टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए खेल टाइम्स



लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम सम्पादकीय



टॉप लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान पेज 12

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू सदस्यों का किया रेस्क्यू, तीन अभी भी लापता

**■ व्यापारी जहाजों पर हमलों में दो भारतीयों की मौत, एक लापता**

**तेल अवीव/तेहरान।** भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रवाना हुआ था।

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रायल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच व्यापारी जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



### होर्मुज के आसपास संकट गहराया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्र में बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान की कई नौकाओं को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (नैवल माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को अमेरिकी बलों ने ईरान की

**■ अमेरिका ने तबाह किए ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाज**

कई नौसैनिक नौकाओं पर हमला किया, जिनमें 16 माइन बिछाने वाली नावें शामिल थीं। कमांड ने इस कार्रवाई का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें समुद्र में किए गए हमलों के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रम्प ने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की समुद्री माइन बिछाई गई हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

### दुबई एयरपोर्ट के पास हमले की कोशिश, एक भारतीय समेत 4 घायल

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज 300 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी में होगी साझेदार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह साझेदार होगी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है।

इस जबरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद।अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील ह, अमरीकी इतिहास की

**■ ट्रम्प ने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर साझा की जानकारी**

सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, जिसकी वजह से हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी, इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाएगी और अरबों डॉलर की अर्थव्यवस्था पर असर डालेगी।

### 22वां रोज़ा

## पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा



हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोज़ेदार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## गाजियाबाद के रहने वाले हरीश राणा 13 साल से कोमा में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी।

गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन



**■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कानून बनाने को कहा**

अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर पिता अशोक ने कहा कि हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था। दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डाक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

### प्रो. मिशेल को बैन करे केंद्र, करप्शन इन ज्यूडिशियरी लिखा था


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में करप्शन इन द ज्यूडिशियरी नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि एनसीईआरटी के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें। साथ ही, उनके दो अन्य सहयोगी सदस्यों दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार को भी किसी भी तरह से पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल न किया जाए।इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए। प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने अपने 2 सहयोगियों- दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार के साथ मिलकर कक्षा 8 की एनसीईआरटी सोशल साइंस की किताब के पार्ट-2 में सब-चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' तैयार किया था।

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 14वीं, से 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा।

स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा। शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें। ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। किसी के भी सामने हम एक अंगुली दिखाते हैं, तो 4 अंगुलियां अपनी तरफ भी दिखती है। विपक्ष ने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए। शाह ने कहा कि कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे, 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है, तो जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं -शेष पृष्ठ दो पर



**■ गृह मंत्री शाह बोले: आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए**

## कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे, उन्हें विकास नहीं दिखेगा: मोदी

**चेन्नई/कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा

**■ खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई**

कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में भाजपा की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। मोदी ने कहा कि चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टाम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता।






# बुकिंग के बाद ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलेंडर मिल जा रहा है और यह डिलीवरी की सामान्य साइकिल है।

मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलेंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलेंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही है। कुछ रिफाइनरी 100 फीसदी से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही पैनिक बुकिंग को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं।



**■ सरकार का दावा: कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित रूप से जारी**

**■ एलपीजी की सप्लाई नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत**

# यूपी में धुंध में सात वाहन टकराए, चार की मौत

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बुधवार सुबह लखनऊ, कानपुर समेत 15 शहरों में धुंध छाई। इसके कारण शाहजहांपुर में बस- कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हुई।

उन्नाव में भी 4 वाहनों की टक्कर में 10 लोग घायल हुए। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट है। उत्तराखंड के देहरादून में दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मार्च में ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, सबसे ज्यादा बाड़मेर में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज गर्मी के साथ-साथ 2 जिलों में हीटवेव और 19 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही तेज गर्मी होने लगी है। ग्वालियर-चंबल में तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

**■ राजस्थान में पारा 40 डिग्री सेल्सियस, मप्र में 39 डिग्री से ज्यादा**

# एसआईआर से संबंधित कार्य में तेजी लाएं : नवदीप रिणवा

## कलक्ट्रेट सभागार में ईएआरओ के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ईएआरओ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें एसआईआर से संबंधित कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए की पूर्ण गंभीरता के साथ एसआईआर कार्य में तेजी लाएं और निर्धारित समय अवधि में सभी प्रक्रिया को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में एसआईआर कार्यक्रम की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सजगता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहने के निर्देश दिए।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में विशेष सतर्कता बरतते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि नोटिसों की सुनवाई केन्द्रों पर फार्म-6 एवं मैपिंग कार्य के लिए अधिक संख्या में नागरिक आ रहे हैं। यहां जिला प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार कैंप आयोजित कर कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जाए, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।



जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि जिला बिजनौर में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आठ जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची में कुल-2323160 मतदाता सम्मिलित हैं, जिसमें से कुल 89822 मतदाता नो मैपिंग श्रेणी में तथा कुल 4,88.247 मतदाता लॉजिकल डिस्क्रीपैसी श्रेणी में है। इस प्रकार कुल 5,78,068 मतदाताओं को नोटिस जारी किये गये हैं, जिनके सापेक्ष 5,78,069 (100 प्रतिशत) नोटिस जनरेट किए गये हैं, जिसके सापेक्ष 5,52,502 (95.58 प्रतिशत) नोटिस बीएलओ द्वारा मतदाताओं को रिसीव कराये गये है। जिनमें से कुल 92.91 प्रतिशत नोटिस सुनवाई सम्बन्धित निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा पूर्ण कर ली गई है। जनपद बिजनौर में नोटिसों की सुनवाई की प्रक्रिया 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन और सतत् सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन किया कि जिला प्रशासन इस अभियान को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी बिजनौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिजनौर, उपजिलाधिकारी बिजनौर, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), नगीना, उप जिलाधिकारी नगीना, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद, उप जिलाधिकारी धामपुर, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) धामपुर उप जिलाधिकारी चान्दपुर उप जिलाधिकारी (न्यायिक), चान्दपुर एंव सुपरवाइजर्स तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

## गैस किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न देकर संयम बरतने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में घरेलू गैस की किल्लत की अफवाहों के बीच इंडियन गैस एजेंसी के संचालक मुंशीराम पाल ने उपभोक्ताओं से संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

उन्होंने नगीना संवाददाता द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि निजी उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति व्यवस्था ज्यों की त्यों ही है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के मद्देनजर निजी उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए कोई नया नियम नहीं लागू किया गया है। पुराने नियमों के तहत ही वितरण किया जा रहा है। बुकिंग के लिए 25 दिन का समयांतराल अनिवार्य है। बुकिंग के दूसरे दिन डिलीवरी दी जा रही है। पूर्व की भांति साल में 12 सिलेंडर ही दिए जा रहे हैं। कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन की सहायता से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि निजी उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसलिए केवल कॉमर्शियल सलेंडरों की सप्लाई कंपनी द्वारा कुछ समय के लिए बंद की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# गैस आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और जंग के असर अब आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी दिखाई देने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय हालात के चलते गैस आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसका असर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों पर पड़ रहा है। नगर और आसपास के क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति में देरी होने लगी है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गैस एजेंसी संचालक देवेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के चलते गैस सिलेंडरों की सप्लाई सीमित हो गई है। अब उपभोक्ता एक सिलेंडर लेने के बाद 25 दिन पूरे होने पर ही दूसरे सिलेंडर की बुकिंग कर सकेंगे। इसके अलावा बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को करीब तीन दिन बाद सिलेंडर की डिलीवरी मिल पाएगी।



### उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे युद्ध और कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण गैस कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है। इसी वजह से सिलेंडरों की उपलब्धता सीमित हो रही है। एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस का संतुलित और सावधानीपूर्वक उपयोग करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

उधर, गैस सिलेंडर की आपूर्ति में देरी की खबर से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में चिंता बढ़ गई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय पर गैस नहीं मिली तो रसोई का कामकाज प्रभावित हो सकता है। लोगों ने सरकार और गैस कंपनियों से मांग की है कि गैस की आपूर्ति को जल्द सामान्य किया जाए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां बुकिंग के एक-दो दिन के भीतर सिलेंडर मिल जाता था, वहीं अब नई व्यवस्था के चलते इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में गैस की स्थिति को लेकर लोगों की निगाहें प्रशासन और गैस कंपनियों की व्यवस्था पर टिकी हुई हैं।

## नाबालिग लड़की को भगाया, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** नाबालिग को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि ग्राम खिजरपुर जग्गूवाला निवासी मो. हित पुत्र सुदेश तीन मार्च को उसकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। जब वह सुदेश पुत्र रेवती के पास गए और इस बाबत जानकारी की, तो सुदेश उनके साथ गाली गलोच व बतमीजी कर रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोहित और और उसके पिता सुदेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## राजा का ताजपुर में लाखों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** चोरों का आतंक चरम सीमा पर है। चोर उचक्के बड़ी से बड़ी घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं। मगर पुलिस को कानों कान खबर नहीं होती। चोरों को पुलिस का कोई डर नहीं है। चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक घर को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला खलियापार रविदास नगर निवासी स्व. जोहर सिंह पत्नी नरेशो देवी का एक पुत्र दो पुत्री है। बड़ा बेटा राजन कुमार जिला महाराज गंज में जिला जज के स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं। दोनों पुत्री संभल शाहज. हांपुर में इंटेलिजेंस पुलिस विभाग में तैनात हैं। कुछ दिन पहले राजन कुमार अपनी माता को अपने साथ महाराज गंज के लिए जाने के बाद घर का ताला मारकर चले गए थे। चोरों ने इसी बात का फायदा उठाकर बीती रात चोरों ने घर को निशाना बना कर लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। घर में रखे सोने के कंगन, चांदी के जेवरात सहित गुल्लक का ताला तोड़ कर बाइस हजार रुपए की नकदी चोर चुरा कर ले गए। सुबह होने पर पड़ोसियों ने देखा कि घर के तालें टूटे पड़े है, जिससे पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। राजन के चाचा ने घर के ताले टूटने की सूचना परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोगों में राजन की बहन रेखा देवी जो कि जिला संभल में इंटेलिजेंस पुलिस विभाग में तैनात हैं। रेखा देवी ने दोपहर बाद घर पर पहुंच कर देखा, तो दोनों कमरों के तालें टूटें पड़े हुए थे। कमरों में सामान इधर उधर पड़ा हुआ था। सामान इधर-उधर पड़ा होने से रेखा देवी के हाथ पैर फूल गए। चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना का बारीकी के साथ जायजा लिया।

## सांसद ने रेलवे फाटकों की समस्या को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सांसद चंद्रशेखर आजाद ने किरतपुर, स्योहारा, धामपुर, हल्दौर व नगीना के पुराने रेलवे फाटकों की समस्या को संसद में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन फाटकों की व्यवस्था काफी पुरानी और अव्यवस्थित हो चुकी है, जिसके कारण नागरिकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सांसद चंद्रशेखर ने संसद में बताया कि जब भी ट्रेन गुजरती है, तो रेलवे फाटक लंबे समय तक बंद रहते हैं, जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है। कई बार नगारिकों को आधा- आधा घंटा या उससे अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता है। इससे न केवल आम जनता को असुविधा होती है, बल्कि आपात स्थिति में मरीजों, एम्बुलेंस और स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किरतपुर के इन पुराने फाटकों पर कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। जल्दबाजी में लोग बंद फाटक पार करने की कोशिश करते हैं, जिससे गंभीर हादसों की आशंका बनी रहती है। कई मामलों में लोगों की जान तक जा चुकी है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है। सांसद चंद्र शेखर आजाद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किरतपुर के इन रेलवे फाटकों की व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाए और यहां अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को बार-बार फाटक बंद होने की समस्या से छुटकारा मिल सके और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

इस पर रेल मंत्री ने संसद में जवाब देते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से रिपोर्ट मंगाकर जल्द ही समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और जहां जरुरत होगी वहां अंडरपास या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि रेलवे फाटकों की समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है, तो किरतपुर क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी।

उधर आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, मुदस्सिर जमा खान, आसपा नेता अशरफ जमील एड., सरफराज मलिक, नवीन भारती, फैलसुफ जमा खां, फहाद खान आदि ने सांसद द्वारा संसद में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाए जाने का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि सरकार इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाएगी।

## डिजिटल जनगणना को फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशन में वर्धमान डिग्री कॉलेज में 'डिजिटल जनगणना 2026-27' के प्रथम चरण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सुचारू निष्पादन के लिए फील्ड ट्रेनर के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला प्रभारी जेपी यादव, प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रेनर डा. आकाश अग्रवाल, डा.अमित कुमार एवं डा राजीव विश्नोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एडीएम राजस्व वानिया सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि कि इस बार जनगणना पूर्णत: डिजिटल होगी, जिसमें डेटा संकलन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।



प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से चर्चा की गई।

नागरिकों के लिए उपलब्ध 15-दिवसीय 'स्व-गणना' खिड़की के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में भी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। एडीएम वानिया सिंह ने बताया कि फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण मार्च माह पूरा कर लिया जाएगा। जिसके पश्चात गणनाकार और सुपरवाइजर को फिल्ड ट्रेनर द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि प्रत्येक गणनाकार और सुपरवाइजर पूरी तरह प्रशिक्षित होकर मई 2026 से शुरू होने वाले जनगणना के प्रथम चरण का फील्ड कार्य को बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न कर सकें।

सभी संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग कार्यक्रम में ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे आगे उनके द्वारा प्रगणक और सुपरवाइजर को भी अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया जा सके।

## घर में घुसकर मारपीट, महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नगीना।** ग्राम तुख्मापुर निवासी इरशाद पुत्र सगीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह मार्च की शाम करीब पांच बजे उसके पुत्र जुबैर और रईस के पुत्र शोएब के बीच कहासुनी हो गई थी। जब वह अपने घर पर इफ्तारी कर रहा था तभी उसके घर में घुसकर रईस पुत्र मुन्ने, जाकिर पुत्र रईस, शोएब पुत्र रईस, आमना पत्नी रईस ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार मारपीट करते हुए गाली-गलौच की। जब उसकी पत्नी शन्नो उसे बचाने आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिससे उसके और पत्नी के सिर में चोट आई। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग गए। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### सिलेंडर न मिलने पर हंगामा



**बिजनौर।** शहर स्थित इंडियन गैस गोदाम पर घरेलू गैस सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों को आज भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार 25 दिन में एक ही सिलेंडर मिलने की व्यवस्था लागू होने से उपभोक्ताओं में भ्रम और चिंता की स्थिति बन गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के लिए जारी किया गया नंबर लगातार नहीं मिल रहा, जिससे समय पर बुकिंग नहीं हो पा रही है। वहीं एजेंसी द्वारा ओटीपी अनिवार्य किए जाने के कारण बिना ओटीपी के सिलेंडर वितरण नहीं किया गया। सिलेंडर न मिलने से नाराज लोगों ने एजेंसी परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। इंडेन गैस एजेंसी संचालक अंकित चौधरी ने बताया कि एजेंसी पर सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की 25 दिन में एक सिलेंडर की गाइडलाइन के कारण लोगों में अनावश्यक घबराहट फैल रही है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी नियमों के अनुसार बिना ओटीपी के गैस सिलेंडर नहीं दिया जा सकता।

### रोजा इफ्तार का आयोजन



**स्योहारा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न समाजों के लोगों ने पहुंच कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में समा. जसेवी डा. मनोज वर्मा, चौधरी फहीमुर्रहमान, नय्यर चौधरी, शकील रस्तोगी, राजपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान मनप्रीत सिंह एवं सेक्रेटरी सिमरनदीप सिंह ने सभी रोज़ेदारों का स्वागत कर रोज़ेदारों को इफ्तार कराया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और आपसी सम्मान को मजबूत करने का काम करते है।

### विधायक मनोज पारस ने समस्याएं बताईं



**नगीना।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर-2026 के संबंध में राजनीतिक दलों एवं सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक पूर्व मंत्री मनोज पारस ने विधानसभा क्षेत्र में आ रही दिक्कतों को चुनाव आयुक्त के समक्ष रखा। विधायक ने कहा कि बीएलओ फॉर्म-6 ऑनलाइन नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा कई बार बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 ऑनलाइन करने के पश्चात भी साइट पर पैंडिंग दिखा रहा है। विधायक ने कहा कि उपजिलाधिकारी के यहां से जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहे हैं। बीएलओ जन्म प्रमाण पत्र के बिना फॉर्म-6 नहीं जमा कर रहे हैं। जबकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार आधार कार्ड से फार्म-6 भर सकते हैं तथा बाद में चुनाव आयोग से नोटिस मिलने पर वह अपने जन्म का प्रमाण पत्र देगा। विधायक ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को किसी भी कमी के कारण नोटिस प्राप्त हुआ है, तो बीएलओ या आपत्ति सुनने वाला अधिकारी उस व्यक्ति को अपने समक्ष बुलाकर ही आपत्ति का निस्तारण करने को कहते हैं, जबकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि अगर कोई व्यक्ति जिसको नोटिस मिला है, वह किसी भी व्यक्तिगत कारणवश बाहर है, तो वह अपने एक अथॉरिटी लेटर व्हाट्सएप या अन्य किसी भी माध्यम से किसी भी अपने परिवार के सदस्य को अपने डॉक्यूमेंट दिखाने हेतु नामित कर सकता है। कई बीएलओ को पूर्ण जानकारी नहीं है। बड़ी संख्या में बीएलओ काम नहीं करना चाहते, लेकिन उनसे जबरदस्ती काम कराया जा रहा है। मतदाता सूची जो अंतिम होने के बाद चुनाव के वक्त विधायक को बस्ता बनाने हेतु दी जाती है, उससे भिन्न सूची अंदर पोलिंग पार्टी पर होती है। उसमें रेड पैन से डिलीटेड लिखा होता है और वोटर को वोट नहीं डालने दिया जाता।

### नामांकन प्रक्रिया अब 13 मार्च को

**बिजनौर।** 14 मार्च को जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी बिजनौर के वार्षिक चुनाव 2026-27 का नामांकन होना है। किन्तु उसी तिथि पर राष्ट्रीय लोक अदालत भी होनी है। जिस कारण बहुत सारे लोग न्यायालय परिसर में रहेंगे। टेंट आदि भी लगते है। जिस कारण उसी दिन नामांकन होने से राष्ट्रीय लोक अदालत प्रभावित होने की संभावना को मद्देनजर रखते हुए अपरिहारिय कारणों से 14 मार्च का नामांकन अब 13 मार्च को समय एक बजे दिन से तीन बजे तक होगा। शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा।

### खूनी संघर्ष में महिला सहित दो घायल

**अफजलगढ़।** रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम छतरी पट्टा में देर शाम करीब साढ़े सात बजे बच्चों के विवाद को लेकर फरोजा की मौहम्मद अमीर पुत्र लियाकत के परिवार से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में अमीर और परवीन जहां घायल हो गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**स्पीकर ओम ..**

लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा। विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते। वक्फ संशोधन, धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े-बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई। 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से काम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम काम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नेवर...नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी काम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने चेयर को घेरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अमित शाह ने कहा कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव के नोटिस में 2026 की जगह 2025 लिखा था। जब विपक्ष के ध्यान में लाया गया, तो उन्होंने नोटिस वापस ले लिया। दूसरे नोटिस में सिर्फ गौरव गोगई के रियल साइन थे। सभी विपक्षी सांसदों को जेरोक्स साइन थे। ऐसे में नोटिस खारिज हो सकता है। लेकिन इनमें इतनी गंभीरता नहीं है कि नोटिस नियमों के हिसाब से लाएं। फिर भी स्पीकर के ऑफिस ने विपक्ष को मौका दिया कि गलतियां है। सुधार लो।

## भारतीय विमाान सेवा कंपनियां रियाद के लिए आज से शुरू करेंगी उड़ानें

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय विमान सेवा कंपनियां सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए 12 मार्च से उड़ानें शुरू करेंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंगलवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से रियाद के लिए उड़ानें शुरू करने वाली हैं।

इसी तारीख से इंडिगो भी मुंबई और रियाद के बीच उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर ने भी गुरुवार से दोनों शहरों के बीच उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी विमान सेवा कंपनियों को सुरक्षा स्थिति पर पूरी तरह विचार करने के बाद ही उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा रही है। इंडिगो ने बुधवार को पश्चिम एशिया के आठ शहरों के लिए कुल 38 उड़ानों का परिचालन करने की बात कही है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी आज संयुक्त अरब अमीरात के लिए 36 विशेष उड़ानों समेत कुल 58 उड़ानों के परिचालन की बात कही है। उनकी 22 शिड्यूल उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान के मस्कट के लिए होंगी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण 28 फरवरी को क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें बंद कर दी गई थीं। अब धीरे-धीरे परिचालन फिर शुरू किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिद.शालय (डीजीसीए) ने विभिन्न देशों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके भारतीय एयरलाइंस कंपनियों के लिए ओमान के मस्कट को पश्चिम एशियाई शहरों दुबई, अबु धाबी, शारजाह, रस-अल-खैमा, अल-अलाम, फुजैरा, जेद्दा और मदीना का वैकल्पिक हवाई अड्डा घोषित किया है।



**इंडिगो भी आज से शुरू करेगी मुंबई-रियाद के लिए उड़ान**

## जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा : सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से अपने संचालन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 10 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। सरकार की तरफ से जारी किए गए आदेश के अनुसार, पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती चरण में औसतन प्रतिदिन लगभग 150 उड़ानों के संच. ालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, हवाई अड्डा पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब सात करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। हवाई अड्डा के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विक. सित हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है।

**पहले चरण में प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी**

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद
22वां रोजा वक्त इफ्तार 12 मार्च शाम 6:26
23वां रोजा वक्त सहरी 13 मार्च सुबह 5:06

# किशोरी की इज्जत लूटने पर दस वर्ष का कारावास

## बारह हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट ने किशोरी की इज्जत लूटने के आरोपी सुखपाल सिंह को दस वर्ष के कारावास एवं बारह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने आठ अक्टूबर, 2022 को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्त सुखपाल सिंह उर्फ जोनी पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर केशो ने उसकी पुत्री के साथ बलात्कार किया। शहर कोतवाली पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 718/2022 धारा 323, 376 व 504 आईपीसी एवं 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। अभियुक्त सुखपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। विवेचना के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। सुनवाई के बाद न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट ने अभियुक्त सुखपाल सिंह को दस वर्ष के कारावास एवं 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## पीएम व सीएम पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत

**नजीबाबाद।** साहनपुर रियासत के मैनेजर राजन कुमार ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की है कि आज सुबह पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह की इंस्टाग्राम आईडी पर एक व्यक्ति ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को लेकर अपमानजनक व अभद्र टिप्पणी की। उक्त भाषा सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

गौरतलब है कि आज कल सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने का फैशन चल रहा है।

## एक नजर

### चांदपुर में नौशाद गिरफ्तार



**बिजनौर।** चांदपुर थाने में किरतपुर के मौहल्ला अहमद खेल निवासी शादान पुत्र नफीस ने तीन अगस्त 2025 को तहरीर दी थी कि अभियुक्त शमशाद, नौशाद व दिलशाद पुत्रगण अंसार निवासीगण मौहल्ला शाहचंदन, चांदपुर ने उसे विदेश भेजने के नाम पर एक लाख सत्ताई हजार रुपए बैंक खाते में तथा 50 हजार रुपए नकद ले लिए। अभियुक्तगणों के द्वारा छल-कपट व धोखाधड़ी करते हुए कुटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी के नाम से फर्जी वीजा तैयार कराया गया। वादी के द्वारा जब अभियुक्तों से अपने रुपए वापस मांगे गए, तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। इस संबंध में थाना चांदपुर में मुकदमा अपराध संख्या 428/2025 धारा 316 (2), 318 (4), 336 (3), 338 व 340 (2), बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने नौशाद को आज गिरफ्तार कर लिया है।

### ताजपुर में बंदरों का आतंक

**राजा का ताजपुर।** बंदरों के आतंक से दहशत का माहौल बना हुआ है। बंदर झुंड बनाकर आने जाने वाले राहगीरों पर हमला कर रहे है। बंदरों के हमले से अब तक दर्जनों लोग मासूम बच्चे घायल हो चुके हैं। बंदरों को पकड़वाने को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की गई, मगर आज तक बंदरों को पकड़वाया नहीं गया है। मौहल्ला मरकज मस्जिद निवासी मौहम्मद कासिम मकरानी अपने घर की छत पर गए हुए थे। अचानक दर्जनों बंदरों ने हमला कर दिया। जान बचाने के चक्कर में वह नीचे गिर गए। जिससे उनके गंभीर चोटें आई हैं। उनके दायें पैर की हड्डी टूट गई। मौहम्मद कासिम बंदरों के हमले से डरे हुए है। एक हफ्ते पहले भी बंदरों के हमले में एक महिला घर की छत पर कपड़े डालने गई हुई थी कि तभी पीछे से बंदरों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल होने पर उनको ताजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस वक्त भी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वरना तो बड़ा मुश्किल हो जाता। अब तो बंदरों के डर से लोगों ने अकेला निकलना बंद कर दिया है। पता नहीं कब बंदरों का झुंड हमला कर दे। बंदरों को पकड़वाने के लिए कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई, मगर अधिकारी झुठा आश्वासन देकर टरका देते हैं। बंदर आयेदिन नुकसान कर रहे हैं। बंदर आम जनता के लिए मुसीबत बने हुए हैं।

## बिजनौर के साप्ताहिक बाजारों में महिलाएं व युवक काट रहे जेब

**बिजनौर।** ईद उल फितर के मद्देनजर साप्ताहिक बाजारों में उमड़ रही खरीदारों की भीड़ का फायदा उठाते हुए महिलाएं व युवक जेब काट रहे हैं। साप्ताहिक बाजारों में जेब काटने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन न तो पुलिस के द्वारा इन जेबकतरों को पकड़ने के लिए कोई अभियान चलाया जा रहा है और न ही रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि दोनों कांशीराम कॉलोनियों सहित आसपास के कस्बों के युवक व महिलाएं जेब काटने में लगी रहती है। साप्ताहिक बाजारों में इतनी ज्यादा भीड़ रहती है कि यह पलक झपकते ही गायब हो जाते हैं। पीड़ित खरीदार को कई बार खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है।

# माहौल बिगाड़ने वाले तीन गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत पर जश्न के दौरान शहर के एसआरएस मॉल के पास कुछ युवकों द्वारा टोपी लगाए युवक को घेरकर उससे जबरन भारत माता की जय के नारे लगवाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार रात को भारत की टीम के टी-20 विश्व कप जीतने पर शहर कोतवाली अंतर्गत एसआरएस मॉल के बाहर भी युवा ढोल नगाड़े बजा रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक मुस्लिम युवक को जश्न में चूर कुछ युवकों ने जबरदस्ती पकड़ लिया। आरोपी युवकों ने उससे जबरन भारत माता की जय के नारे लगवाने का प्रयास किया। युवक के इंकार करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की तक की गई। इसका किसी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

इसी दौरान समाजसेवी व पूर्व सभासद अशोक आर्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर युवक को गुंडागर्दी कर रहे उन आरोपी युवकों से छुड़ाया। उन्होंने पीड़ित युवक को वहां से भेज दिया। जिससे माहौल बिगड़ने से बच गया। अगर अशोक आर्य बीच-बचाव नहीं करते, तो नगर का माहौल खराब हो सकता था। जिसके बाद सभी लोग पुनः नाच गाने में लग गए। इसके बाद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसी ने उसे एक्स पर साझा कर सीएम योगी व डीजीपी से शिकायत कर दी, जिसके बाद बिजनौर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में शामिल कुशाग्र पुत्र प्रशांत कुमार, देवांश पुरोहित पुत्र दिवाकर शर्मा निवासीगण मौहल्ला सोतियान व सत्यम भटनागर पुत्र मनोज भटनागर निवासी मौहल्ला चाहशीरी बी-21 शहर कोतवाली का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तीन युवकों का चालान किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ० सलमान
की जानिब से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
मौ० सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

## एक नजर

### ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**रेहड़।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों, सचिवों एवं शिक्षकों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा एवं विद्यालयों से संबंधित अनेक योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहा स्थित एक बैंकट हॉल में प्राथमिक शिक्षक संघ अफजलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष मुनीश चौहान व जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप चौहान की संयुक्त अध्यक्षता एवं शिक्षक शमीम अहमद के संचालन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में एआरपी भोगराज सिंह, जोगेंद्र सिंह, नौशाद अहमद व पूर्व एआरपी पूनम रानी आदि ने शिक्षा के उत्थान एवं प्रचार प्रसार से संबंधित योजनाओं जैसे निपुण भारत मिशन, डीबीटी, नारी सशक्तिकरण, तिथि भोज एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य शैक्षिक योजनाएं आदि के संबंध में ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों, सचिवों एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला में ब्लॉक क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष व परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### कुत्ते के हमले में चाचा-भतीजा घायल



**स्योहारा।** नगर में खूंखार आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ताज़ा मामला पीर के बाजार क्षेत्र का है, जहां आवारा कुत्ते ने मंसूर सराय निवासी चाचा और उनके मासूम भतीजे पर अचानक हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से दोनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार कुत्ता अचानक आक्रामक हो गया और दोनों को काट लिया। लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया और घायल चाचा-भतीजे को अस्पताल भिजवाया। नागरिकों का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे आए दिन इस तरह की घटनाओं का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने प्रशासन आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

### आपदा प्रबंधन की जानकारी दी



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कालेज में रासेयो शिविर का पांचवां दिन 'योग एवं आपदा प्रबंधन' के रूप में मनाया गया। छात्रा इकाई का शिविर मौहल्ला सराय रफी तथा छात्र इकाई का मौहल्ला विवेक नगर में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने परियोजना अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में कालेज में साफ-सफाई की। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रो. सन्नी कुमार द्वारा विद्यार्थियों को योग कराया गया। उन्होंने बताया कि कैसे नियमित योगा अभ्यास से हम स्वयं को विभिन्न रोगों से सुरक्षित रख सकते हैं और स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं। एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा द्वारा विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने 'प्राकृतिक और मानव निर्मित, आपदाओं के बीच सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सटीक योजना और कुशल प्रबंधन के माध्यम से आपदाओं के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए उन्हें अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक डा. राजकुमार एवं पूजा राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### ईद नजदीक, सज गए बाजार



**चांदपुर।** ईद उल फितर का त्यौहार नजदीक है। नगर के सभी बाजार सुन्दर ढंग से सजे हुए है। बाजार खरीददारों से गुलजार है। हालांकि भीड़ की वजह से कई बार जाम के हालात बन जाते हैं। नगर के छोटे-बड़े बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। भीड़ इतनी है कि पैदल निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि रमजान का आखिरी अशराह चल रहा है। बावजूद इसके बाजारों में लगातार भीड़ बढ़ना बड़े-बड़े बाजारों को पीछे छोड़ने जैसा दिखाई दे रहा है। मंडी कोटला में खाद्य वस्तुओं की खूब खरीदारी हो रही है। मुस्लिम समाज रमजान एवं ईद की तैयारी में से जुटा हुआ है। कोटला बाजार में कपड़ा और जूते की बिक्री ने तेजी पकड़ ली है। ढाली बाजार और बाजार शंकर में किराना की दुकानों पर भी काफी भीड़ उमड़ रही है। जबकि सर्राफा और चूड़ी बाजार में भी खरीदारों की आमद बढ़ रही है। उधर जामा मस्जिद (मीना बाजार) में मुसलमान का बम्पर खरीदारी करना पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ता नजर आ रहा है। जामा मस्जिद और ढाली बाजार में पैदल निकला भी बड़ा मुश्किल हो गया है, हालांकि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस समय-समय पर पैदल गश्त कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। उधर नेहरू चौक, सिलारा पुल, फव्वारा चौक पर जाम लगने से आमजन परेशान है। नगर की सड़कों एवं बाजार में ठेले एवं फड़ लगाने वालों ने भी सड़कें संकरी की हुई है। जिससे अक्सर जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

# कासमपुर गढ़ी में हॉस्पिटल का शुभारंभ

## प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ ने किया उद्घाटन, मिलेगी बेहतर सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी में जनता हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया गया। अस्पताल का उद्घाटन प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद (धामपुर) ने फीता काटकर किया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, डाक्टर आदि रोजा इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अस्पताल खुलने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई और इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोगी कदम बताया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए संचालक डॉ. सलमान सैफी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जनता हॉस्पिटल की स्थापना की गई है, ताकि क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर





व सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ मरीजों की जांच और उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। जरूरतमंद मरीजों को उचित परामर्श और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। इस दौरान मौजूद लोगों ने अस्पताल के शुभारंभ पर खुशी जाहिर की।

उद्घाटन के अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद के कहा कि इससे आसपास के गांवों के लोगों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आलावा डॉ. इरफान सैफी, डॉ. सुहाना सैफी, डॉ. फैय्याज अंसारी, डॉ. आवेस अहमद, डॉ. अल्ताफ हुसैन साबरी, अफजलगढ़ चेयरपर्सन पति जावेद विकार, प्रधान पति मौहम्मद रजी, डॉ. अय्यूब, डॉ. इरशाद, हाफिज मौहम्मद रईस, मौहम्मद इरशाद, वसीम अकबर, शेख मौहम्मद युसुफ, पत्रकार शुऐब कुरैशी, रिजवान एडवोकेट, पत्रकार मौहम्मद कफील, पत्रकार मौहम्मद शाहवेज आदि गणमान्य व्यक्ति व ग्राम वासी मौजूद रहे।

# पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी का सराहनीय कार्य

## रक्तदान कर बचाई सविता की जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजसेवा के लिए विख्यात पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी ने रक्तदान कर सविता की जान बचा ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार आवास विकास कॉलोनी निवासी सविता पत्नी राहुल श्री साईं हॉस्पिटल में भर्ती थी। उन्हें ए निगेटिव रक्त की सख्त जरूरत थी। लेकिन कही भी रक्त नहीं मिल पा रहा था। इसकी खबर जब पूर्व चेयरमैन व सपा नेता शमशाद अंसारी को मिली, तो वह फौरन हॉस्पिटल पहुंच गए और उन्होंने सविता के लिए रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि आगे भी जिस को उनके खून की जरूरत होगी, तो वह अपने खून की एक-एक बूंद देने के लिए तैयार है।



## जोगीपुरा दरगाह में 21 रमजान पर हजरत अली की शहादत की याद में हुई मजलिस

# हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में बरामद हुए ताबूत

**नजीबाबाद (बिजनौर)।** 21 रमजान के मौके पर हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में नजीबाबाद से 12 किमी दूर जोगीपुरा स्थित नजफ-ए-हिंद दरगाह में एक मजलिस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर हजरत अली की कुर्बानियों को याद किया और गम का इजहार किया।



परिचय:- मजलिस के बाद जोगीपुरा दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी, मौलाना मिर्जा शफीक, डा. अथर अब्बास, प्यारे मियां, सकलैन रजा कल्लू, उरूज आलम सिरसी व अन्य।

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली ज़ैदी ने मौलाना शबाब नकवी को जोगीपुरा दरगाह का प्रशासक नियुक्त किया था। नियुक्ति के तुरंत बाद 21 रमजान का बड़ा कार्यक्रम सामने था, जिसमें हर वर्ष हजारों की संख्या में दूर-दराज से आए लोग शामिल होते हैं। समय कम होने के बावजूद मौलाना शबाब नकवी ने अपनी टीम के साथ जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कराईं, जिसके चलते कार्यक्रम बहुत ही व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की पहली मजलिस को मौलाना शबाब नकवी ने खिताब किया, जिसके बाद ताबूत बरामद किए गए और अकीदतमंदों ने मातम कर हजरत अली की शहादत को याद किया। वहीं सुबह फज्र के समय आयोजित मजलिस को डॉ. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) ने खिताब किया, जिसके बाद भी ताबूत बरामद किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान गमगीन माहौल रहा और लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम में सहारनपुर के बड़ा इमामबारगाह खालापार के प्रबंधक/मुतवल्ली डॉ. सैयद अथर अब्बास ज़ैदी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा प्यारे मियां, सकलेन रजा ज़ैदी (कल्लू), वाजिद अली ज़ैदी, सिरसी के पूर्व चेयरमैन सैयद मोहम्मद उरूज आलम, सैयद मोमिन रजा नकवी, मौलाना सैयद फिरोज रजा नकवी, सैयद अली वाहिद नकवी, सैयद अली नकवी, सैयद नसीमुल हसन, सैयद नैयर ज़ैदी, सैयद सीरत उरूज, जनाब शमील शम्सी और मौलाना सैयद शमीम हैदर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हजरत अली का जीवन इंसाफ, इंसानियत और सच्चाई की मिसाल है, जिनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही राह दिखाती हैं। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाया UGC विनियम 2026 का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उच्च शिक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने लोकसभा के नियम 377 के अंतर्गत UGC (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 को लेकर अपनी बात रखी और इसे सभी केंद्रीय वित्तपोषित एवं स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थानों पर लागू करने की मांग की।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वर्तमान में UGC विनियम 2026 में "सभी उच्च शिक्षा संस्थानों" का उल्लेख तो है, लेकिन इसकी परिभाषा केवल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा-3 के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों तक ही सीमित है। इसके कारण देश के कई प्रमुख संस्थान जैसे IIT, IIM, AIIMS, नर्सिंग एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय तथा अन्य



राष्ट्रीय महत्व के संस्थान इन नियमों के दायरे से बाहर रह जाते हैं।

उन्होंने बताया कि देश में लगभग 23 IIT, 21 IIM सहित करीब 12 हजार से अधिक स्वायत्त और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान ऐसे हैं, जो वर्तमान UGC नियमों के दायरे में नहीं आते, जबकि इन संस्थानों को केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। सांसद ने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और संस्थागत असंवेदनशीलता से संबंधित कई शिकायतें इन्हीं संस्थानों से सामने आती रही हैं। उन्होंने इस संदर्भ में AIIMS, IIT और डॉ. पायल तड़वी के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और समानता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2014 से 2021 के बीच जातिगत भेदभाव के कारण SC/ST वर्ग के 72 छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले सामने आए हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार से मांग की कि सभी केंद्रीय वित्तपोषित और स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थानों को UGC के भेदभाव-निरोधी और छात्र सुरक्षा संबंधी विनियमों के दायरे में लाया जाए, ताकि छात्रों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव और उत्पीड़न को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इससे देश के लाखों छात्रों को सुरक्षित और समान शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और न्याय की भावना को मजबूती मिलेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

संख्या:-53/न.पा.परि.बि./2025-26, दिनांक:- 11.03.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा -143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम 1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि मौ. झगड़ी बांगर ईदगाह रोड पर प्रार्थी की एक दादिलाही सम्पत्ति है, जो पूर्व में नगर पालिका परिषद, बिजनौर की सीमा से बाहर थी, जिसका खाता संख्या-00421 तथा गाटा संख्या-606 है प्रार्थी द्वारा पूर्व की खतोनी जिसमें प्रार्थी के दादा श्री मसीतुल्ला का नाम दर्ज है। तथा वर्तमान खतोनी जिसमें उक्त सम्पत्ति आबादी में दर्ज है। प्रार्थी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में अपने नाम पर दर्ज कराने का आग्रह किया गया है। जिस हेतु प्रार्थी श्री सईद अहमद पुत्र श्री बशीर अहमद निवासी मौ. जुलाहान बिजनौर द्वारा पूर्व तथा वर्तमान खतोनी की छायाप्रति शपथ पत्र जिसमें प्राथी ने खुद को उक्त सम्पत्ति का अकेला वारिस होना दर्शाया है तथा आई.डी. प्रूफ की छायाप्रति साथ में संलग्न करते हुये, उक्त सम्पत्ति को पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में अपने नाम पर दर्ज करने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# थाना नगीना के सभी विवेचकों का अर्दलीरूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना परिसर में कानून-व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों के तहत क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने थाना नगीना का अर्दली रूम किया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी विवेचकों के साथ घटित अपराधों एवं प्रचलित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की।क्षेत्राधिकारी ने सभी विवेचकों को लंबित मामलों का उचित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर दिया कि थाने आने वाले किसी भी पीड़ित को निराश न किया जाए।

चतुर्वेदी ने विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। साथ ही, थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने और चोरी जैसी घटनाओं को रोकने हेतु रात्रि गश्त व नाकाबंदी जैसी कार्रवाई पर भी बल दिया।

इस अर्दली रूम में थानाध्यक्ष अवनीत मान भी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री AKSHARA KARNWAL जोकि सेंट मेरी स्कूल की कक्षा 10B की छात्रा है। उसके एडमिशन फार्म (स्कूल रिकॉर्ड) में और बोर्ड के एडमिट कार्ड में गलती से मेरा नाम MEENASKHI लिखा गया है। जबकि आधार कार्ड और मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा सही नाम (MEENAKSHI KARNWAL) है।

MEENAKSHI KARNWAL पत्नी RAJEEV KARNWAL Mohalla Kalalan, Nagina, Jila Bijnor

## एक नजर

### सुरक्षा दिवस सप्ताह का समापन



**हल्दौर।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल बिलाई के गेस्ट हाउस परिसर में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह समारोह आयोजित किया गया। चार मार्च से 10 मार्च तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान फैक्ट्री में विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताएं व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बेल्ट बांधना, स्लोगन, सुरक्षा निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता, लॉक आउट एवं टैग आउट प्रशिक्षण, फायर एवं सुरक्षा प्रशिक्षण, फायर मॉक ड्रिल, सुरक्षा क्विज तथा फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें में फैक्ट्री के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को इकाई प्रमुख विजयवीर सिंह तथा विभागाध्यक्षों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विजयवीर सिंह ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों का नियमित और सही तरीके से उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, बल्कि इकाई के जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ईएचएस हेड सुधीर पंवार ने कहा कि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य लोगों को उन्नत सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। इस मौके पर उत्पाद विभाग प्रमुख पंकज अग्रवाल, अभियंत्रण विभाग प्रमुख गोपाल त्यागी, लैब हेड विजयवीर सिंह, अनुज शर्मा, संजय गोयल, संजय कुमार गुप्ता, नीरज कुमार तथा शिव कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### यूपी-यूके के वन कर्मियों का पैदल गश्त



**रेहड़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा पर बसे गांव लालबाग से वन विभाग की टीम ने एक खेत से प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लगभग 10 कुंतल लड़कियां बरामद की थी। लकड़ियों की बरामदगी के बाद यूपी-उत्तराखंड के वनाधिकारियों ने लकड़ी माफियाओं एवं घुमंतू समाज के लोगों पर शिकंजा कसने के लिए दोनों राज्यों की सीमा से सटे लगभग आधा दर्जन गांवों में संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया और खेत-खलिहानों व सार्वजनिक स्थानों की सघन चेकिंग की। आज सुबह लगभग 7:00 बजे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव के नेतृत्व में अमानगढ़ एवं कार्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ व झिरना रेंज के वन कर्मियों ने उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एवं यूपी के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की संयुक्त सीमा से सटे लालबाग, मालोनी, मीरापुर नॉर्थ, मीरापुर साउथ, कल्लूवाला, फतेहपुर धारा आदि गांवों में संयुक्त रूप से पैदल गश्त करते हुए खेत खलिहानों एवं सार्वजनिक स्थानों की तलाशी ली और सड़कों के किनारे डेरा डालकर रहने वाले घुमंतू समाज के लोगों के संबंध में जानकारी एकत्र की। वन कर्मियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए दो टूक चेतावनी दी कि यदि प्रतिबंधित वन क्षेत्र में कोई व्यक्ति अवैध गतिविधियों लिप्त पाया गया अथवा किसी ने वन एवं वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया तो वह बख्शा नहीं जाएगा। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की रानी नांगल वन चौकी से शुरू हुआ संयुक्त पैदल गश्त दोपहर लगभग 12:00 बजे कार्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना रेंज में संपन्न हुआ। इस दौरान वन दरोगा रवि कुमार, बाकर रजा, फूल सिंह, विकास कुमार, कुलदीप सिंह, जाफर अली आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ AHMAD से बदल कर MAUHMMAD ATIK AHAMAD रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मौहम्मद अतीक अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान, बी-11 बिजनौर, तहसील व जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र सैयद जैद अली से उसके गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद कर लिये है। मेरा व मेरे पति का अब अपने पुत्र सैयद जैद अली से कोई लेना-देना नहीं है। सैयद जैद अली द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेनदेन की कोई जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। उसके लिए वह स्वय जिम्मेदार होगा। **श्रीमती ताहिरा बेगम पत्नी श्री ताजदार हुसैन निवासी मौहल्ला शाहविलायत, कस्बा मंडावर, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD VASHID से बदल कर MOHD WASID रख लिया है। अब मुझे MOHD WASID नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मौ. वासिद पुत्र अली हसन निवासी ग्राम बडकला, तहसील व जिला बिजनौर, उ.प्र.**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री अकरम अली** द्वारा **संस्था मदीना मस्जिद वैल्फेयर सोसायटी, ग्राम व पोस्ट बसेड़ा खुर्द तह. धामपुर, जिला बिजनौर** का **अध्यक्ष/सदर** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. अकरम अली- अध्यक्ष/सदर, 2. महबूब-उपाध्यक्ष/नायब सदर, 3. इरशाद अहमद- प्रबंधक/ मुतवल्ली, 4. मौ. यूसुफ उपप्रबंधक/ मुतवल्ली, 5. बदरूद्दीन- कोषाध्यक्ष/ खजांची, 6. नदीम अहमद- उपकोषाध्यक्ष/ उप खजांची, 7. नजमुद्दीन, 8. सादिक हुसैन, 9. नौशाद, 10. मौ. उमर, 11. मौ. इकबाल, 12. महफूज अहमद- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

# बाइकों की भिड़ंत में किशोर की मौत



## एक अन्य गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव छजुपुरा सादात के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा अन्य बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।

थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी बंटी सैनी का 15 वर्षीय पुत्र सूरज गांव में शादी में आया था। शादी समारोह के बाद बरात की विदाई समारोह का आयोजन किया जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार किशोर बाइक लेकर घर से हल्दौर की ओर जा रहा था। बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित गांव छजुपुरा सादात के निकट एक रेस्टोरेंट के सामने गांव पैजनियां निवासी विशाल त्यागी बाइक पर सवार होकर बिजनौर ओर से अपने घर जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बाइकों की देर शाम आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई और दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे अन्य बाइक चालक गांव पैजनियां निवासी विशाल त्यागी का उपचार किया जा रहा है। किशोर की मौत पर उसकी चचेरी बुआ की शादी की खुशियां मातम में बदल गई और परिवार में कोहराम मच गया।

# धामपुर में गैस एजेंसी पर हंगामा

## रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं में भारी रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देशभर में रसोई गैस की किल्लत के बीच अब इसका असर धामपुर में भी दिखाई देने लगा है। पिछले एक सप्ताह से कई उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करा दी है, उन्हें भी समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही है। इस समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से कई घरों में रसोई का काम प्रभावित हो गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके घरों में गैस सिलेंडर खाली पड़े हैं और गैस एजेंसी से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि सिलेंडर कब उपलब्ध होंगे।

इसी समस्या को लेकर धामपुर के रानी बाग चौकी क्षेत्र स्थित एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और वहां हंगामे की स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में लोग एजेंसी के बाहर एकत्र हो गए और गैस की आपूर्ति जल्द शुरू करने की मांग करने लगे।




हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस की कमी के कारण उन्हें गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई लोगों ने आशंका जताई कि कहीं गैस की कृत्रिम कमी पैदा कर ब्लैक मार्केटिंग को बढ़ावा तो नहीं दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति जल्द बहाल कराई जाए और यदि कहीं अनियमितता हो रही है तो उसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### घरेलू गैस सिलेंडर की कमी से परेशानी

**स्योहारा।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है, जिससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण रसोई का काम प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण स्थिति और भी ज्यादा कठिन हो गई है। वहीं कई परिवारों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**धामपुर।** धामपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर 2024 को एक युवती ने थाना धामपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि राजन निवासी ग्राम भवानीपुर थाना नगीना जनपद बिजनौर ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना धामपुर में मुकदमा अपराध संख्या 574/2024 धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में बुधवार को थाना धामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अश्वनी तथा कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

### मुरलीवाला में गुलदार का आतंक जारी



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव मुरलीवाला व आसपास में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन गुलदार के दिखाई देने और हमले की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि मात्र एक सप्ताह में गुलदार अब तक एक महिला सहित दो लोगों पर हमला कर चुका है, जबकि दो आवारा पशुओं को भी मौत के घाट उतार चुका है। बुधवार को गांव के पास गेहूं के खेत में गुलदार घात लगाकर बैठा हुआ था। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे एक आवारा छोटे बछड़े पर उसने हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए खेतों की ओर ले गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने गेहूं के खेतों में गाय और बछड़े को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार हो रही घटनाओं के कारण गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गुलदार को कई बार गांव के आसपास और खेतों में देखा जा चुका है। वह पहले भी कई पशुओं पर हमला कर चुका है, जिससे लोगों में डर और बढ़ता जा रहा है। वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया है, लेकिन अब तक गुलदार पिंजरे में नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने कोई ठोस कदम उठाया होता तो यह घटनाएं नहीं घटती, यदि गुलदार शीघ्र ना पकड़ा गया तो जनहानि कर कोई बड़े हादसे को अन्जाम दे सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लगातार गश्त कराई जाए तथा ड्रोन कैमरों की मदद से सर्वेक्षण कर जल्द से जल्द गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए।

### धामपुर हुसैनपुर में नशे का कारोबार



**धामपुर।** क्षेत्र के गांव धामपुर हुसैनपुर में बिक रहे अवैध नशे से परेशान महिलाओं ने पूर्वी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर आकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि गांव में बिकने वाले इन नशों को बंद कराया जाए, जिससे गांव की महिलाओं का जीवन नर्क होने से बच सके। महिलाओं ने बताया कि गांव में घर-घर नशा बेचे जा रहे हैं, जिससे बड़े और छोटे-छोटे बच्चे भी नशा करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि घर का सामान बेचकर नशा करते हैं और घर में आकर मारपीट करते हैं। नशा बेचने वालों से जब मना किया जाता है तो वह मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। ज्ञापन देने वालों में मिथिलेश, मनीषा रानी, दीपा, अनुराधा, यशोदा, सरोज, पिंकी, सीमा, हेमलता, मुन्नी देवी, बबीता, अनीता, कमलेश, राजवती, किरण, रचना आदि शामिल है।

### प्लॉट कब्जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**स्योहारा।** क्षेत्र में प्लॉट पर अवैध कब्जा करने की कोशिश, जान से मारने की धमकी देने और निर्माण कार्य गिराने के मामले में पुलिस ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रार्थी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने ग्राम अलादीनपुर रेलवे फाटक रोड पर लगभग 250 वर्ग गज का एक आवासीय प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के बाद जब 20 फरवरी 2026 को उसने वहां निर्माण कार्य शुरू कराया तो मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी अजीम जफर पुत्र नसीम जफर, उमेर जावेद पुत्र जावेद जमील तथा हम्माद पुत्र अथर परवेज वहां पहुंच गए और प्लॉट को अपना बताते हुए काम रुकवा दिया। आरोप है कि तीनों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी जमीन की चौहद्दी दिखाकर फर्जी तरीके से एक एग्रीमेंट तैयार करा लिया और बाद में एक कथित बैनामा भी करा लिया। इसके बाद 26 फरवरी 2026 की रात करीब 12:30 बजे आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ एक वाहन से प्लॉट पर पहुंचे। बताया गया कि जिस वाहन से आरोपी आए थे, उसका नंबर UP20CE5254 है और उस पर विधायक भी लिखा हुआ था। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य गिरा दिया। घटना की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि उक्त लोग पहले भी कई बार क्षेत्र के लोगों से अवैध वसूली कर चुके हैं और आए दिन लोगों पर दबाव बनाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी कई बार यह भी कहते हैं कि यह जमीन उनकी है जिसको लेकर इलाके में लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है। वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि अजीम जफर पुत्र नसीम जफर, उमेर जावेद पुत्र जावेद जमील तथा हम्माद पुत्र अथर परवेज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**शेरकोट।** पुलिस द्वारा बैंकट हॉल में साइबर अपराध जागरूकता बैठक का आयोजन कर नगर के लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करना और सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से संपर्क करना कई बार लोगों को ठगी का शिकार बना देता है। अंजान लोगों के बहकावे में ना आये। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर तुरंत सतर्क रहें और अपनी बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देने को कहा। बैठक में सभासद सुमन, अवधेश, नासिर प्रधान, महफूज अहमद, अफजाल अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने साइबर अपराध से संबंधित सवाल पूछे, जिनका थानाध्यक्ष द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

### विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण



**हल्दौर।** जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने विकास खंड हल्दौर कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा सेल व खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अभिलेखों और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों से मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई और अभिलेखों को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चौधरी बिजेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सीपी पांडे, एडीओ पंचायत सुशील कुमार, सचिव मोहित कुमार, संजय कुमार, संजीव राणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मेहंदी डिजाइन कला प्रदर्शन



**नहटौर।** नहटौर डिग्री कालेज की रासेयो छात्रा इकाई का सात दिवसीय शिविर अम्बेडकर ग्राम महमूदपुर भिक्का के कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित किया गया। शिविर का पांचवां दिन 'कौशल विकास हेतु युवा' विषय के अंतर्गत मेंहदी, ब्यूटीशियन व सिलाई कढ़ाई जैसी स्वरोजगार परक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अपनी पढ़ाई के साथ-साथ विभन्न कोर्स को सीखकर अपनी जीविका का माध्यम बना सकते है। छात्राओं ने सुंदर मेंहदी डिजाइन बनाकर कला का प्रदर्शन किया। मेहंदी में राधिका प्रथम, अंजलि द्वितीय तथा मानसी तृतीय रही। शिक्षिका सुनीता त्यागी ने छात्राओं को सिलाई से संबंधित टिप्स दिए। छात्राओं ने ब्यूटिशियन कार्यक्रम के रुप में एक-दूसरे को मेकअप के माध्यम से तैयार किया। इस मौके पर शिवानी, इकरा, अनुष्का तानिया, मनीषा, सोनी, दिपांशा, शिखा, सिताक्षी, संध्या, राखी, प्राची, गरिमा, साक्षी, हिमांशी निशा, शबनूर, शिखा, सबा, मुस्कान, उपासना, वंशिका, कंचन, आंचल, गौरी, पिसी, प्रियांशी, प्रिया, रिया, चंचल तसमिया, शीजा, अंजलि, दीपांशा, तनु आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

## कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने सेमेस्टर परीक्षा में मारी बाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग, बिजनौर के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है।

प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में पलक पवार ने 205 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मोहन यादव ने 194 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दिव्यांशी सैनी ने 192 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्या डॉ. सफिया खानम ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रमजान का महीना भाईचारे और इबादत का पैगाम: अब्दुल कादिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर ने रमजान के पवित्र महीने को आत्म-अनुशासन, त्याग और गरीबों की सेवा का सबसे बड़ा जरिया बताया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाजी अब्दुल कादिर ने अपने संदेश में कहा कि रमजान सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह महीना हमें दूसरों के दुख-दर्द को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अपील की कि इस मुकद्दस महीने में अपने आसपास के गरीब और बेसहारा लोगों का खास ख्याल रखें।

सच्ची इबादत वही है, जिसमें इंसानियत की सेवा शामिल हो। रमजान हमें सिखाता है कि हम



अपनी खुशियों में उन लोगों को भी शरीक करें जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। सपा नेता ने जोर देते हुए कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने दुआ की कि यह रमजान देश में अमन, चौन और खुशहाली लेकर आए।

# खाड़ी देशों में काम कर रहे युवाओं की मिसाल

## गल्फ कंट्री से जुटाए चंदे से गांव में कर रहे सामाजिक कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खाड़ी देशों में काम करने वाले ग्राम पंचायत मानियावाला के मुस्लिम समाज के युवा कामगारों द्वारा गांव में सामाजिक कार्य कराए जाने को लेकर क्षेत्र में भारी प्रसंशा की जा रही है।

ग्राम मानियावाला के युवा भारी मात्रा में सऊदी अरब, बहरीन, दुबई, शारजाह, आबूधाबी, कुवैत, कतर, मस्कत, श्रीलंका, माल्टा आदि देशों में नौकरी करते हुए। लगभग सभी कामगार कम तनख्वाह में अपने परिवारों को चला रहे हैं परन्तु इन युवाओं के हौंसले इतने बुलंद हैं कि 22 दिसंबर 2025 को लगभग 10 कामगारों ने (गल्फ ग्रुप मानियावाला) नाम से एक सोशल वर्क व्हाट्सएप ग्रुप की बुनियाद रखी, जिसके आज 138 सदस्य हैं। उक्त सभी सदस्यों ने आपस में धन इकट्ठा कर गांव में सामाजिक कार्य कराने प्रारंभ कर दिए।



सर्वप्रथम दलित बस्ती के समीप ईदगाह के मुख्य द्वार पर नल (हैंडपंप) लगवाया, उसके बाद ईदगाह कब्रिस्तान की उत्तर की ओर से 350×5 फिट लम्बाई बाउंड्री का निर्माण व दक्षिण की ओर 500×3 फिट लम्बाई में बाउंड्री को ऊंचा कराया एवं कासमपुर गढ़ी मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान की क्षतिग्रस्त बाउंड्री का जगह-जगह मरम्मत कराया गया तथा दोनों कब्रिस्तान में सफेद कली- चूना कराया गया। लगभग एक सौ पचास कुर्सियां (मुफ्त सेवा) जनाजा गाह के संरक्षक के हवाले की, जो कि गांव में होने वाली मौतों (मय्यतो) में आने वाले मेहमानों को बैठाने की व्यवस्था के लिए है। ग्रुप के सदस्यों के हौंसले बुलंद है। आगे भी गांव में सामाजिक कार्य करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि शीघ्र ही ग्रुप की गूगल मीटिंग कर ग्रुप को भारत में गल्फ ग्रुप सोशल वेलफेयर सोसाइटी मानियावाला के नाम से रजिस्टर्ड करने के संबंध में बैठक में सहमति ली जाएगी।

# रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

## प्रशिक्षकों ने व्यायाम के प्रकार एवं आपदा प्रबंधन के नियमों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कालेज में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रशिक्षकों ने व्यायाम के प्रकार एवं आपदा प्रबंधन के नियमों की जानकारी दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार वर्धमान कालेज में रोवर्स रेंजर्स के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कालेज परिसर में प्रशिक्षक पुष्पा, ऋतु रानी, रेंजर्स प्रभारी लीडर डा. चेतना शाक्य, टीना अग्रवाल, रोवर्स क्रू प्रभारी लीडर आयुष बघेल, डा. कुलदीप कुमार एवं प्रवेश प्रशिक्षण कैम्प के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में रोवर रेंजर्स का ध्वजारोहण व ध्वजगीत का गायन किया गया।

प्रशिक्षकों ने व्यायाम के प्रकार बताए। प्रशिक्षुओं को रोवर्स-रेंजर्स के भविष्य में होने वाले लाभ के साथ आपदा प्रबंधन के नियमों पर प्रकाश डाला। जीवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के प्रति जागरूक व अवगत कराया साथ ही विभिन्न प्रकार की गांठ की निर्माण का प्रशिक्षण दिया।



प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने बताया कि रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज सेवा के अवसर व टीम भावना की प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर प्रो.राजेश यादव, प्रोफेसर जे.के. विश्वकर्मा, प्रो.मुकेश कुमार, प्रोफेसर शशि प्रभा, डा. मनीष कुमार, डा. अंजू बंसल, डा. रेशु शर्मा, डा. दुर्गा जैन, डा. चारुदत्त आर्य, डा. विनीता, डा. टीना, डा. कुलदीप, डा. चेतना उपस्थित रहे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# अमरोहा के कार सवारों ने लूटी थी कूलरों भरी पिकअप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अमरोहा से बहजोई ले जाते कूलरों भरे पिकअप वाहन को गिरने का झांसा देकर छीनकर ले जाने वाले आरोपी अमरोहा के निकले। पुलिस ने कूलरों भरा वाहन छीनकर ले गए बदमाशों को धर दबौच लिया। जबकि छीना गया कूलरों भरे वाहन को भी बरामद कर लिया।

**0 पुलिस ने चार आरोपियों समेत कूलर व वाहन किए बरामद**

आठ मार्च की सुबह जनपद अमरोहा के ग्राम आदरपुर निवासी शाहिद पिकअप वाहन में लोड कर बहजोई के लिए कूलर लेकर चला था। कूलरों भरा वाहन थाना असमोली क्षेत्र के मातीपुर के पास में पीछे कार में सवार होकर आए आरोपियों ने वाहन को कूलर गिरने का झांसा देकर रूकवा लिया। चालक बंधे कूलरों की रस्सी कसने रूका तो आरोपियों ने चालक शाहिद के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए पिकअप में रखे 20 कूलर लूट लिए और मौके से फरार हो गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना असमोली पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने 10 मार्च को असमोली से इकरोटिया जाने वाले रास्ते पर टयूबवेल के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शमीम, समीर, कासिम और आफताब पुत्र नवाब अहमद निवासी जनपद अमरोहा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 20 कूलर और घटना में प्रयुक्त सेंट्रो कार भी बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ थाना असमोली में मुकदमा दर्ज कर कर लिया गया है। लूट का खुलासा 24 घंटे में करने पर थाना पुलिस की प्रशंसा की गई। टीम में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक संजीव गिरि, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन कुमार शर्मा, उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा, कां. विकास मलिक, कां. शुभम चौधरी, कां. दीपक भाटी, कां. सनोज कुमार, कां. नितेन्द्र कुमार, कां. सूर्यकांत, कां. राजीव पुनिया, कां. लक्ष्य चौधरी रहे।



सम्भल। कूलरों भरी पिकअप छीनकर ले जाने के गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते एसपी।

# खरमास में नहीं होंगे विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सूर्य देव एक बार फिर अपनी चाल बदलकर 14 मार्च को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद खरमास शुरू हो जाएगा। खरमास के 31 दिनों में देवी का प्रभाव दिखेगा।

लोग 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र में विवाह छोड़ अन्य मांगलिक कार्य कर सकते हैं। बाकी 22 दिनों तक मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। पण्डित सुरेश शर्मा ने बताया कि नवरात्र में गृह प्रवेश, अन्नप्रासन, गोदभराई आदि कार्य कर सकते हैं शादियां आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। हालांकि, 14 अप्रैल के बाद मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे जो तीन माह से ज्यादा समय तक होंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार साल में दो बार खरमास लगता है। इसमें सूर्य भगवान अपने गुरुदेव की राशि धनु और मीन राशि में

**0 22 दिनों मक मांगलिक कार्यों पर रहेगा विराम**

जाते हैं। 14 मार्च को सूर्य देव कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश करेंगे और खरमास शुरू हो जाएगा। पण्डित ब्रजेश शास्त्री व सत्यम मिश्रा ने बताया ने 14 मार्च की रात या 15 मार्च को भोर में 3:07 बजे सूर्य भगवान गुरु की राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद खरमास शुरू हो जाएगा। 14 अप्रैल को खरमास पर विराम लगेगा। क्योंकि, सूर्य देव मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे, जो सूर्य देव की उच्च राशि होती है, जिससे वैवाहिक सहित सभी तरह के मांगलिक कार्य पुनरू शुरू हो जाएंगे। 20 जुलाई तक तीन माह से अधिक समय तक लगन रहेगा। देवी की अराधना का पर्व नवरात्र 19 से 27 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान लग्न के मुहूर्त नहीं बनेंगे। इसलिए शादियां नहीं होंगी। बाकी मांगलिक कार्य होंगे। इसमें यज्ञोपवीत संस्कार, मुंडन, अन्नप्राशन, दुकान का उद्घाटन आदि मंगल कार्य होंगे। साथ ही गया तीर्थ पर श्राद्ध कर्म पर खरमास का कोई बंधन नहीं होता है।

# अलविदा जुमा व ईद की मस्जिद से बाहर नहीं होगी नमाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अलविदा जुमा और ईद के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों, और शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दिशा-निर्देश दिए गए।

कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में सीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या न पैदा हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में मस्जिद के बाहर या सड़क पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। नमाज केवल मस्जिद के अंदर ही पढ़ी जाएगी। प्रशासन की ओर से कहा गया कि यदि किसी मस्जिद में अधिक भीड़ होती है तो एक ही स्थान पर दो बार नमाज पढ़ी जा सकती है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों या सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में हाजी एहतेशाम ने सभी लोगों से त्योहार पहले की तरह शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की। साथ ही किसी भी ऐसी गतिविधि से बचने को कहा गया है जिससे समाज में भ्रम या तनाव पैदा हो।



सम्भल। कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक लेते नगर मजिस्ट्रेट।

**0 ईरान, इजरायल के समर्थन में नारेबाज़ी या किया गुणगान तो होगी कार्रवाई।**

**0 त्यौहार को अमन व भाईचारे के साथ मनाने की अपील**

**0 नमाज़ी अधिक हो दो बार में दो बार पढ़ सकते हैं नमाज**

बैठक में प्रशासन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, ईरान या इजरायल के समर्थन में नारेबाजी या गुणगान करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जबकि बैठक में मौजूद लोगों ने भी भी प्रशासन को त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का भरोसा दिलाया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-उत्तराखंड प्रांत के संरक्ष के पिता को श्रृद्धांजलि देते।

# अन्तिम समय में भी गौ सेवा को दिया दान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गौ सेवा को अंतिम समय मे भी याद कर दान देकर अंतिम सांस ली। कभी-कभी मनुष्य का जीवन अपने अंतिम क्षणों में भी सेवा और करुणा का अद्भुत संदेश दे जाता है।

नगर निवासी भानु प्रकाश जोकि सेवा भारती उत्तराखंड प्रांत के संरक्षक मनीष वार्ष्णेय के पिताजी थे। उन्होंने बताया कि जब पिता अस्पताल में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे थे, तब भी उनके मन में समाज सेवा और गौ सेवा की भावना जीवित थी। उस कठिन समय में भी उन्होंने नगर पंचायत बबराला की गौशाला को याद किया। उन्होंने मुझे 5100 देते हुए कहा कि इसे गौ माताओं की सेवा में दे देना, यही मेरा अंतिम दान है।

नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि यह केवल एक दान नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और करुणा की महान भावना का उदाहरण है। प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस दौरान स्वर्गीय भानु प्रकाश जी को भावपूर्ण श्रृद्धांजलि देते हैं। इस दौरान कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, मनीष वार्ष्णेय,रामौतार आदि रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में काटे वाहनों के चालान

**0 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चला अभियान**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात व्यवस्था को और चुस्त व दुरुस्त करने के लिए उप सम्भागीय पविहन विभाग ओर भी सख्त हो गया है। विभागीय अधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए ओवरलोड वाहनों, डग्गामार गाड़ियों और सड़कों के किनारे ` यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने ने कड़ा रूख अपनाया। ओवरलोड वाहनों, डग्गामार गाड़ियों और सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चले अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

सड़क किनारे नियम विरूद्ध वाहन खड़ा कर यातायात नियमों का उल्लंघन पर उप सम्भागीय परिवहन विभाग और प्रशासनिक अधिकारी का रवैया सख्त हो गया है। बुधवार को एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर अवैध तरीके से खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाकर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े किए गए वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जबकि चौराहों के आसपास ट्रक और अन्य वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले वाहनों के भी चालान किये गए। एआरटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 15 वाहनों के चालान काटे गए। जबकि आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। डग्गामार वाहनों को लेकर उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ भी लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में आधा दर्जन वाहनों को बंद कराया गया जा चुका है जो प्राइवेट टैक्सियां अवैध रूप से संचालित हो रही हैं, उन्हें बंद कराकर नियमानुसार टैक्सी के रूप में परिवर्तित कराने की प्रक्रिया कराई जा रही है। इसके अलावा ओवरलोड वाहनों पर भी प्रशासन की नजर है। एआरटीओ ने कहा कि ओवरलोडिंग के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे वाहनों पर सख्ती जारी रहेगी। प्रशासन के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा और कई चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी भी दी गई।



सम्भल- नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में अवैध रूप से खड़े वाहनों का चालान करते एआरटीओ

## बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक में दी जानकारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी लक्ष्मीना देवी की अध्यक्षता में विकास खण्ड जुनावई सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। किशोर न्याय द्धबालकों की देखरेख एवं सरक्षण अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।सहायक विकास अधिकारी कुलदीप सिंह ने बैठक में सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में सक्रिय सहभागिता होने के निर्देश दिए। चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में देवेश कुमार, डा. सौरभ सेंगर आदि मौजूद रहे।

# प्रेम-प्रसंग में मौत की नींद सुलाया गया था युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0 पुलिस ने सात मार्च को मिले शव का किया खुलासा, चार हत्यारोपी किए गिरफ्तार, दो अभी भी फरार**

**सम्भल।** गांव में पड़ी मिली युवक की लाश का पुलिस ने खुलासा कर दिया। युवक को प्रेम प्रसंग मे मौत की नींद सुलाया गया था। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो की तलाशी जारी है।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि 7 मार्च को थाना कुढ़फतेहगढ़ को सूचना मिली थी कि बलकरणपुर गांव में एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना पर पुलिस और उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में मृतक की पहचान बॉबी (20) के रूप में हुई थी। जबकि मृतक के हाथ बंध थे, जिससे साफ हो गया था कि मृतक को बुलाकर योजनाबद्व तरीके से हत्या की गई थी। एसपी ने बताया कि मृतक के भाई बलबीर ने पुलिस को तहरीर देकर कई लोगों को नामजद किया। पुलिस ने जब गहन जांच की तो सामने आया कि गांव के ही नेपाल नामक व्यक्ति की बेटी से बॉबी के प्रेम संबंध थे। इसी बात से नाराज होकर जसराज, नेपाल, हरपाल, नत्थू और तेजपाल ने मिलकर कुल्हाड़ी से वार कर बॉबी की हत्या कर दी। पुलिस ने जसराज (26), हरपाल (32) और नत्थू लाल (72)को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि हत्या में शामिल अन्य दो आरोपी नेपाल और तेजपाल अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। एसपी ने कहा कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# किसान मक्का की खेती को वैज्ञानिक तरीका अपनाये

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में मक्का बुवाई का काम जोरों पर है। किसानों ने सरसों और आलू की ७सल के बाद मक्का की खेती शुरू कर दी है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है। मक्का की खेती करने वाले किसानों को अच्छी कीमत मिलने की संभावना है, खासकर जब इसकी मांग चारा और इथेनॉल बनाने वाली कंपनियों से बढ़ रही है। उपसम्भगीय कृषि प्रसार कार्यालय गुन्नौर के सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार शर्मा ने मक्का की खेती के लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके अपनाने की सलाह दी है, जैसे कि मेड पर बुवाई करना, संतुलित खाद देना और सही सिंचाई करना। इससे उत्पादन बढ़ेगा और मुनाफा भी बढ़ेगा।

# शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन ने दिलाया प्रशिक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर संभल मे बालिकाओं पांच दिवसीय आत्मरक्षा एवं योग प्रशिक्षण दिलाया गया संस्था की अध्यक्ष नीरू चहल ने बताया कि बाली गांव की लगन और मेहनत सफल होने पर अग्रिम समय मेभी प्रयासरत रहने की इच्छा जताई

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार भतीजे की मौत, चाचा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में रात्रि में एक सड़क हादसे में बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुआ के घर से लौटते समय हुआ। घायल चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां से उसे गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

**0 गम्भीर घायल चाचा रैफर, शव पुलिस ने पीएम को भेजा**

थाना गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी निवासी सत्येन्द्र यादव (24) पुत्रश्रृषिपाल व उसका चारा जुगेश पुत्र रनवीर बाइक पर सवार होकर थाना बबराला क्षेत्र के गांव नूरपुर में जुगेश की बहन के घर से वापस अपने घर जा रहे थे। बाइक सवार चाचा भतीजा बदायूं-बबराला हाईवे पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा होने पर दोनों को ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया। वहां डाक्टर ने सत्येंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि जुगेश की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। गुन्नौर कोतवाल राजीव मलिक ने बताया कि हादसे में सतेन्द्र की मौत हुई है और उसका चाचा जुगेश घायल हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 12 से 28 मार्च तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह मार्च 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण एवं चीनी का सशुल्क वितरण28 मार्च तक किया जायेगा।

खाद्य आयुक्त रसद विभाग के पत्रानुसार माह मार्च 2026 में अन्त्योदय कार्ड पर गेहूँ 21 किग्रा. , चावल 14 किग्रा. कुल 35 किग्रा खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों से सम्बद्व प्रत्येक यूनिट पर गेहूँ 03 किग्रा, चावल 01 किग्रा. एवं वाजरा 01 किग्रा कुल 05 किग्रा खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण किया जायेगा तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2026 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति राशनकार्ड 18- की दर से 54- में वितरण किया जायेगा। वितरण 28 मार्च तक होगा।

# ब्राह्मण शक्ति संघ ने लेफ्टिनेंट बनने पर किया स्वागत

**0 परिवार में खुशियों का माहौल बधाइयों का लगा तांता**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** ब्राह्मण शक्ति संघ ने अभय मिश्रा निवासी बदायूं पुत्र स्वर्गीय उमेश चंद मिश्रा के बेटे का लेफ्टिनेंट इंडियन आर्मी मैं नियुक्त होने पर फूल माला पहनकर एवं बुके देकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत सत्कार के उपरांत नवनियुक्त अभय मिश्रा ने बताया कि यह नियुक्ति अपने स्वर्गीय पिता उमेश चंद्र मिश्रा को समर्पित करते हैं। यह उनका ही सपना था कि वह इंडियन आर्मी में देश सेवा में तत्पर हो। अभय मिश्रा ने बताया की बहुत बार परिस्थितियों ने उनको व्यस्त किया कि वह अपना लक्ष्य छोड़ दें परंतु वह अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। अभय मिश्रा की माता सरिता मिश्रा ने कहा कि अभय मिश्रा के पिता के परलोक गमन के उपरांत परिस्थितियों प्रतिकूल हो गई थी लेकिन मैं मेहनत करने के लिए अपने पुत्र की हौसला अफजाही करती रही एवं स्वयं अंत में अभय मिश्रा ने सफलता हासिल की। पूरे परिवार में खुशियों का माहौल है। कार्यक्रम में ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़, प्रदेश महामंत्री विवेक शर्मा गुमथल संगठन मंत्री अविरल शर्मा, सचिन शर्मा, उपाध्यक्ष उमाकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ सचिन मिश्रा, जिला संयोजक निशांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ, योगेश भारद्वाज, विकास शर्मा, आदि उपस्थित रहे। संचालन विनीत शर्मा ने किया।



सम्भल- लफ्टिनेंट अभय मिश्रा का स्वागत करते ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ता।

# 29 को कराई जाएगी मिस सम्भल प्रतियोगिता

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश सांस्कृतितिक विभाग की बैठक में मिस सम्भल प्रतियोगिता 29 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से कराने का निर्णय लिया गया। जिसका प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव कुसुम एवं कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर को बनाया गया।

समिति की उपाध्यक्ष नाहिद रजा के आवास पर सम्पन्न हुई बैठक में समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम और महासचिव कुसुम ने बताया कि समिति के सांस्कृतिक विभाग द्वारा मिस सम्भल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। मिस सम्भल प्रतियोगिता में सम्भल जिले की ही महिला प्रतिभागी भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से 26 वर्ष तक की अविवाहित महिला प्रतिभागी ही भाग ले सकती है। भाग लेने वाली प्रतिभागियों को प्रवेश फार्म के साथ जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड या निवास प्रमाण पत्र के साथ हाईस्कूल का प्रमाण पत्र की छाया प्रति और नवीनतम फोटो लगाना अनिवार्य है। मिस सम्भल प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को साड़ी,सूट या भारतीय परम्परागत पौशाक ही मान्य होगी। मिस सम्भल प्रतियोगिता में प्रतिभागी का चयन साक्षात्कार, रैंप वॉक और टैलेंट राउंड के आधाार पर किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ही सम्मानित किया जाएगा।मिस सम्भल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 28 मार्च तक फार्म भरकर जमा करना अनिवार्य है। मिस सम्भल प्रतियोगिता का प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव कुसुम को जबकि कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाहिद रजा और सहकार्यकम संयोजक राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी को तथा कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर को बनाया गया। इसके अलावा रजनी कान्ता चौहान, शशिबाला गौतम, मीनाक्षी, मन्जू सक्सेना, डा. नायरा जौहर, उपासना शर्मा, चांदनी खान, भारती ठाकुर, अनम परवीन, मन्तशा तौफिक और आसिया जूही को उप कार्यक्रम प्रभारी मनाया गया। इसके साथ ही तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया है।

# नम आंखों से मौला अली को किया याद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के निकटवर्ती ग्राम मण्डी किशन दास सराय मे हर साल की तरह इस साल भी परंपरागत मौला अली अलैहिस्सलाम इब्ने अबू तालिब के शहादत के मौके पर इमामबारगाह पर नजर का एहतेमाम किया गया। 21 रमजान को इमाम अली इब्ने अबू तालिब अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में गम और अकीदत का माहौल रहा। अकीदतमंदों ने नम आंखों से मौला अली की शहादत को याद किया। पूरे गांव में गम की फिजा छाई रही। मौलाना तनवीर हुसैन अशरफी ने बताया कि इस्लाम के इस अजीम रहबर ने इंसाफ और इंसानियत के लिए अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी। इस मौके पर अकीदतमंदो ने मौला अली की शहादत को याद करते हुए मुल्क में अमन-चैन, इंसाफ और भाईचारे की दुआ की। इस अवसर पर आरिफ अली, असद अली, ग्राम प्रधान सरताज हुसैन, अरशद हुसैन मो. जुबैर, तनवीर हुसैन. रशीद हुसैन. नेता शहजाद शाहिक अली, राहिल अली, मुकीम अली, भूर्रा अली, मो. आलम, शाहबाज अली, खालिक अली, सलमान नबी, अब्दुल माजिद, मुराद अली, जिया उल हक आदि मौजूद रहे।



सम्भल- मौला अली की शहादत पर दुआ मांगते अकीदतमंद।

# तम्बाकू जहरीला तत्व बीमारियों को देता है जन्म

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (कौशल विकास हेतु युवा) के विशेष शिविर के पांचवे दिन तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में तंबाकू निषेध दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सम्भल से डा. महक खानम ने तंबाकू निषेध दिवस पर चर्चा करते हुए बताया कि धूम्रपान से सबसे पहले हमारे फेफड़े प्रभावित होते हैं। तंबाकू से मुंह में ऐंठन बीमार का प्रथम लक्षण हो सकता है। डा. नीरज शर्मा ने बताया की तंबाकू के सेवन से हमारे शरीर में बहुत से जहरीले तत्व बीमारियों को जन्म देते हैं जिसमें बालों का झड़ना मोतियाबिंद दांत में सड़न फेफड़े का कैंसर दिल की बीमारी पेट का आकार विकृत शुक्राणु मुख्य बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने

**0 स्वयं सेवक व सेविकाओं को दिलायी शपथ**

बताया कि तंबाकू बहुत जहरीला पदार्थ है हमें इसके सेवन से बचने हेतु समाज को जागरूक करना होगा। द्वितीय सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सम्भल की चिकित्सा टीम के साथ स्वयंसेवक सेविकाओं ने तंबाकू निषो दिवस पर एक रैली का आयोजन किया। जिसमें हल्लू सराय के लोगों को स्वयंसेवक शिवा मोहम्मद आतिफ धरुव कुमार मोहम्मद अमान स्वयं सेविका शिफा शाजिया महक नाजिया मोनी रिया ने तंबाकू न सेवन करने की सलाह दी और तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के संदर्भ में आम जन को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर चारू गुप्ता (नर्सिंग ऑफिसर) सौरभ कुमार अजीत कुमार एवं रासेयो के स्वयं सेवक व सेविकाएं मौजूद रहीं।

खबरे छुपाता नहीं, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# हाइवे पर बारातियों से भरी बस ट्रक से टकराई, आधा दर्जन लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बारातियों से भरी एक प्राइवेट बस और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर से अफरा-तफरी मच गई।

इस सड़क हादसे में छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार बहराइच से एक बारात मेरठ जा रही थी। बारातियों से भरी प्राइवेट बस जब रामपुर पार कर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित गणेश घाट के पास पहुंची, तभी आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। बस तेज रफ्तार में होने के कारण चालक को वाहन संभालने का मौका नहीं मिला और बस पीछे से ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे बारातियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर हड़कंप की स्थिति बन गई। हादसे में चार लोगों को हल्की चोटें आईं, जबकि दो बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की तैयारी भी की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही मूंढापांडे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद बस में सवार बाराितयों में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा।

## पीक टाइम में बढ़ेंगी डीटीसी की बसें

**नई दिल्ली।** राजधानी में बसों का इंतजार कम करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) बस संचालन का नया टाइमटेबल बनाने पर काम कर रहा है। इसके तहत व्यस्त समय में बसों की आवृत्ति बढ़ाई जाएगी और कई प्रमुख रूटों पर बसें हर 30 मिनट की बजाय 15 मिनट के अंतराल पर चलाई जा सकती हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हाल ही में दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) के तहत संचालित करीब 2,500 बसों का संचालन डीटीसी के पास आने के बाद अब निगम लगभग 5,800 बसों के पूरे नेटवर्क के लिए नया परिचालन प्लान तैयार कर रहा है। अब तक डीटीसी और डीआईएमटीएस की बसें अलग-अलग संचालन व्यवस्था के तहत चलती थीं। इस कारण कई बार दोनों एजेंसियों की बसें एक ही रूट पर लगभग एक ही समय पर पहुंच जाती थीं, जबकि दूसरे समय अंतराल में यात्रियों को बस के लिए इंतजार करना पड़ता था।

# जलभराव में ई-रिक्शा पलटने से व्यक्ति की मौत

**चन्दौसी।** शहर में जलभराव की समस्या के चलते बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें ई-रिक्शा पलटने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी, जिससे परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के अनुसार फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव नगला गूजर निवासी शेरसिंह पुत्र रामसहाय ई-रिक्शा में सवार होकर सलीम की पुलिया की ओर से गुजर रहे थे। कबीर गली और सलीम की पुलिया के पास सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण ई-रिक्शा अचानक पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के दुकानदारों ने उन्हें तुरंत संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक गणेश मंदिर के सामने स्थित एक दुकान पर फूल सजाने का कार्य करता था और देवरखेड़ा स्थित आशीष गार्डन में भी काम करता था। गौरतलब है कि इसी स्थान पर सितंबर 2025 में गणेश चतुर्थी मेले के दौरान एक पुलिसकर्मी की भी नाले में गिरकर मौत हो चुकी है। इसके बावजूद पुलिया निर्माण का कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने ठेकेदार शेखर लाठर व अनिल कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### होली और ईद प्यार व भाईचारे के त्योहार: रामवीर सिंह



**कुन्दरकी।** नगर स्थित कश्यप धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोगों और क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान विधायक रामवीर सिंह ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली और ईद दोनों ही प्यार, भाईचारे और आपसी सद्भाव के त्योहार हैं। ऐसे पर्व समाज को जोड़ने और आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों और त्योहारों का सम्मान करना चाहिए और मिल-जुलकर खुशियां मनानी चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इस दौरान सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिला और लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में कई स्थानीय लोग और समाजसेवी मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान होली के साथ-साथ आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया।

### बोर्ड परीक्षा 2026 में कुंदरकी ब्लॉक में हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर को बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया




**कुंदरकी।** बोर्ड परीक्षा 2026 में कुंदरकी ब्लॉक में हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर को बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया था । जिसमें हाईस्कूल और इंटर के 13 विद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्र व्यवस्थापक श्री मोहम्मद शाहनवाज ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल में 479 छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें 410 छात्र-छात्राओं में परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्र पर बिजली पानी की समुचित व्यवस्था रही। थाना मैनाढेर से पुलिस बल 24 घंटे उपस्थित रहा। उक्त परीक्षा केंद्र पर अतिरिक्त केंद्र व्यवस्था व श्री संतोष कुमार गुप्ता स्टेटिक मजिस्ट्रेट श्री अरुण कुमार व पर्यवेक्षक विवेक यादव परीक्षा के दौरान उपस्थित रहे। परीक्षा सहायक श्री प्रदीप भटनागर , जहीरुल इस्लाम, बृजेश कुमार शर्मा, अरुण कुमार, श्री राजीव कुमार, श्री सतीश कुमार, वसीमुद्दीन, मोहम्मद वसीम , श्रीमती आसमा परवीन, श्रीमती शाहीन परवीन आदि का सहयोग रहा। बोर्ड परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रबंधक श्री हाजी महमूद जावेद ने सभी का धन्यवाद किया।

### फितरा जकात ईद से पहले देना भी बेहतर है: मंसूर आलम



**कुंदरकी।** नानपुर वरिष्ठ समाज सेवी प्रसिद्ध निर्यातक मंसूर आलम ने फितरा जकात के बारे में दिए बयान में उन्होंने कहा कि फितरा जकात ईद से पहले देना भी बेहतर है जिससे कि गरीब इससे पहले अपने कपड़े आदि बना ले तथा अपनी जरूरत का सामान खरीद ले उन्होंने कहा जरूरी नहीं देखने में लगे लगने वाला ही गरीब दिखाई दे कुछ सफेद पोश भी जरूरतमंद होते हैं शर्म के बिना पर किसी के आगे हाथ नहीं फेला सकते ऐसे लोगों का भी ख्याल रखा जाए लंबे समय से गरीब बेसहारा दिव्यांगों की मदद करते आ रहे हैं उन्होंने कहा इसी तरह अन्य लोगों को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए अल्लाह ने जिसको अपनी रहमत से नवाजा है उसे अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए। गरीब दिव्यांग बेसहाराओ का ध्यान रखना चाहिए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार बुधवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक जिला सूचना अधिकारी एवं समस्त पत्रकारगण जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी। उक्त बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं समय-समय पर होने वाली आगामी लोक अदालतों की बैठकों की विज्ञप्ति समय से प्रकाशित करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये एवं उक्त बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि इस संबंध में वादकारियों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग समय समय पर आयोजित की जायेंगी ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा सके एवं 14 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीपक कुमार जायसवाल द्वारा दी गयी।

# रमजान: कुरान मुकम्मल पर मुल्क में अमन-चेन की दुआ

**मूंढापाण्डे।** लपतपुर में रमजान के महीने में नमाज- ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है, रोजेदारों ने इबादत की और अल्लाह से माफी मांगी। हाफिज मुर्शीद ने कुरान के तीस पारे सुनाए, इस अवसर पर नातिया महफिल भी सजाई गई,मुकद्दस रमजान के महीने में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल का सिलसिल शुरू हो गया है, मंगलवार को बीसवें रोजे व इक्कसवीं तरावीह में मूंढापाण्डे के दलपतपुर में कुरान मुकम्मल हुआ, मंगलवार को रोजेदारों ने इबादत कर अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा की,रमजान के महीने में रोजे के साथ-साथ नमाज-ए-तरावीह भी अदा की जाती है। जिसमें हाफिज रोजाना कुरान के पारे सुनाते हैं,इसी क्रम में दलपतपुर हाफिज अतीक के आवास पर नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ, यहां हाफिज मुर्शीद रोजाना डेढ़ पारा सुना रहे थे, इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चेन की दुआ की,शहादतअली,दिलशाद ,रईस,गुफरान,नासिर ,तबारक अली,महबूब,मोहम्मद फरमूद ,हाजी राशिद,रियासत हुसैन समेत अन्य लोग शामिल रहे, इस दौरान शाम को इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया,



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने पास की यूजीसी नेट और सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित 'यूजीसी नेट- दिसंबर 2025' और 'ज्वाइंट सीएसआईआर -यूजीसी नेट- दिसंबर 2025' परीक्षा पास कर विश्वविद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विवि के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से निश्चित ही अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। सफल विद्यार्थियों में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की छात्राओं दिव्यांशी और शैली मलिक ने शिक्षा शास्त्र विषय में 'असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पी.एचडी' हेतु, अलीशा और हृतिका चौधरी ने भूगोल विषय में 'असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पी.एचडी' हेतु अर्हता प्राप्त की है। स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की कीर्ति कुमारी ने लाइफ साइंस विषय में 'सीएसआईआर-जेआरएफ, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्पिता ने लाइफ साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर व पीएचडी के लिए एवं शिवानी सागर ने लाइफ साइंस विषय में पी.एचडी के लिए प्रवेश हेतु अर्हता प्राप्त की है। स्कूल ऑफ साइंसेज की वंदना और आयुषी चौहान ने गृह विज्ञान विषय में 'असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पी.एचडी' हेतु अर्हता प्राप्त की है। स्कूल ऑफ लॉ के छात्र राहुल ने विधि विषय में जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु अर्हता प्राप्त की है।



आयुषी चौहान


कीर्ति कुमारी


वंदना


हृतिका चौधरी


अलीशा


शिवानी सागर


दिव्यांशी


शैली मालिक


अर्पिता


राहुल

# एयरपोर्ट पर अग्निशमन विभाग की ओर से विशेष फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग की ओर से विशेष फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट पर तैनात विशेष सुरक्षा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों को आग लगने जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए फायर फाइटिंग ड्रिल कराई गई।प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने सुरक्षा कर्मियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित तरीके से कार्रवाई करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सही तकनीक और संयम के साथ काम करना बेहद जरूरी होता है, ताकि संभावित नुकसान को कम से कम किया जा सके।मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आर.के. पांडेय ने बताया कि हवाई अड्डे जैसे संवेदनशील स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आपदा प्रबंधन और फायर सेफ्टी के प्रति पूरी तरह प्रशिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने से कर्मचारियों की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं।मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा कर्मियों को आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों और आग बुझाने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर, फायर होज समेत अन्य सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर डेमो के माध्यम से यह भी दिखाया कि आग लगने पर किस तरह तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए आग पर काबू पाया जा सकता है।प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने स्वयं उपकरणों का इस्तेमाल कर अभ्यास किया, जिससे उन्हें आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने का अनुभव मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की ड्रिल से सुरक्षा कर्मियों की तैयारी मजबूत होती है और किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिलती है।कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा कर्मियों ने फायर सेफ्टी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को अधिक सक्षम बताया।



# पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम और एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में की मीटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की आवाजाही, ट्रैफिक प्रबंधन, केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था और नकल रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जानकारी के अनुसार मुरादाबाद शहर में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो दिनों तक अलग-अलग पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 45,160 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आने को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष योजना तैयार की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि परीक्षा के दौरान करीब 500 पुलिसकर्मियों को विभिन्न परीक्षा केंद्रों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़भाड़ और अव्यवस्था को रोकने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाएगी।परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन बनाने के लिए सॉल्वर गैंग और उनके सहयोगियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए एसटीएफ ने भी शहर में डेरा डाल दिया है और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन ने अभ्यर्थियों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए परिवहन विभाग और रेलवे से अतिरिक्त बसें और विशेष ट्रेनों के संचालन के संबंध में पत्राचार किया है।

अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सभी व्यवस्थाओं के साथ परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराई जाएगी।



## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-05' अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। इस दौरान चौपाल लगाकर महिला संबंधी समस्याओं के समाधान और आत्मनिर्भरता के विषय में भी जानकारी दी गई। साथ ही बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पम्पलेट वितरित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में महानगर में निकलेंगी प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर महानगर की सभी आर्य संस्थाओं और अनुसांगिक संगठनों की बैठक हुई जिसमें नूतन वर्ष पर महानगर में विगत 50वर्ष से अधिक समय से महानगर मे निकलने वाली प्रभात फेरी को सफल बनाने तथा नूतन वर्ष और आर्य समाज स्थापना दिवस पर आयोजित नवसंवत्सरोत्सव को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार की गयी। प्रभात फेरी 19 मार्च को प्रात: 5बजे से आर्य समाज मण्डी बांस से प्रारंभ होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, कोतवाली, बाजार गंज, गुरहट्टी,, गुरु गोबिंद सिंह चौक , गुलजारीमल की धर्मशाला, बुद्ध बाजार चौक से आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर सम्पन्न होगी। प्रभात फेरी में सम्मिलित होने वालों से भारतीय परिवेश में आने की प्रार्थना की गयी है। बैठक की अध्यक्षता कपिल मुनि ने की व संचालन मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर वी के अग्रवाल, लोकेश आर्य,प्रदीप विश्नोई,राकेश भटनागर दिनेश विश्नोई,दिनेश दीक्षित, संतोष कुमार गुप्ता वेद मुनि उमेश आर्य,प्रज्ञाशु आर्य,संजय आर्य, मथुरा प्रसाद आर्य मयंक आर्य, जितेन्द्र आर्य गायत्री आर्य,पूनम शास्त्री लालकिशौर शास्त्री, रविंद्र आर्य अजब सिंह आर्य वीरेंद्र आर्य संदीप त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत भगतपुर टांडा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भगतपुर टांडा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 26.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शकील के घर से सफीक के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 227 मी0 | 793772.58 | 1000 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भगतपुर टाण्डा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



## कार्यालय ग्राम पंचायत राजूपुर मिलक
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत राजूपुर मिलक में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 16.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजपाल से चरन सिंह से नर पाल के घर तक नाली व सिल्ट केचर निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, आदि। | 143551/- | 2871/- | 250/- | 1 माह |
| 2 | राजपाल के चरन सिंह से नरपाल के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 292482/- | 5850/- | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-राजूपुर मिलक**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों को 20-20 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपराध करोगे तो बच नहीं पाओगे, यह संदेश अब न्यायालयों के फैसलों में साफ दिखाई देने लगा है। लंबे समय से चली आ रही तारीख पर तारीख की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती दिख रही है और महिला संबंधी अपराधों में न्यायालय का रुख बेहद सख्त हो गया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा मई 2025 में पदभार ग्रहण करने के बाद से महिला अपराधों के मामलों में त्वरित सुनवाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उनके कार्यभार संभालने के बाद से अब तक महिला संबंधी करीब 35 से अधिक मामलों में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई जा चुकी है, जिससे अपराधियों में कानून का भय पैदा हुआ है। न्यायालय द्वारा दिए जा रहे इन सख्त और त्वरित फैसलों को पीडिघ्तों के लिए राहत भरा माना जा रहा है। कई मामलों में जहां पहले वर्षों तक सुनवाई चलती रहती थी, वहीं अब सुनवाई प्रक्रिया को तेज करते हुए जल्द से जल्द फैसला सुनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एक दुर्लभ मामले में न्यायालय ने मात्र सात दिनों के भीतर सुनवाई पूरी कर पीडित परिवार को न्याय दिलाया, जो न्यायिक व्यवस्था में तेजी का एक उल्लेखनीय उदाहरण माना जा रहा है। महिला संरक्षण और दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में न्यायालय का यह सख्त रुख समाज के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि ऐसे अपराधों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्वरित सुनवाई और कठोर सजा से न केवल पीडितों को समय पर न्याय मिल रहा है, बल्कि अपराधियों में भी कानून का डर बढ़ रहा है।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई है। न्यायालय ने बुधवार को दोनों अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास के साथ एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना असमोली क्षेत्र के अपराध संख्या 429/2018 से संबंधित है। वादी ने 17 नवंबर 2018 को थाना असमोली में तहरीर देकर बताया था कि उसकी लगभग 15 वर्षीय बहन रात करीब आठ बजे घर के पास खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के ही टीकाराम पुत्र महेन्द्र के रिश्तेदार अमित पुत्र यशकुमार निवासी कुरकावली थाना नखासा जिला संभल ने उसे पकड़ लिया और जबरन गन्ने के खेत में ले गया। वहां पहले से मौजूद टीकाराम पुत्र महेन्द्र निवासी बदनपुर बसई की मढैया थाना असमोली ने भी उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उधर देर रात तक पीडिघ्ता के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गन्ने के खेत से कराहने की आवाज सुनाई दी। जब परिजन वहां पहुंचे तो पीडिघ्ता बदहवास हालत में मिली। उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और मामला दर्ज कराया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने दोनों आरोपियों अमित और टीकाराम को दोषी करार दिया। न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोनों अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को महिला अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है, जिससे समाज में ऐसे अपराध करने वालों में भय पैदा होगा।

# खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में दी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी

**कांठ (शाह टाइम्स)** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आज साईं राम बैंकट हॉल में शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानों स्थानीय प्राधिकारियों और जन् प्रतिनिधियों




की एक दिवसीय एसएमसी संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी संत दास पवार मुख्य अतिथि रहे। ग्राम प्रधान पति चौधरी ऋषिपाल सिंह उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कपिल सिरोही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट के अध्यक्ष गौरव यादव उत्तर प्रदेश उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आदर्श त्यागी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कुमकुम दीक्षित एआरपी आशुतोष शुक्ला सुनील कुमार चंद्रभानु बिश्नोई वर्षा चौधरी समस्त ग्राम प्रधान अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति प्रधानाध्यापक सहायक लेखा शाहनवाज भुवनेश कुमारी प्रियंका चौधरी दीपिका गुप्ता अभिषेक बिश्नोई विजेंद्र सिंह शालिनी एवं कार्यालय स्टाफ के लोग मौजूद रहे। उक्त संगोष्ठी में शैक्षिक सत्र 2025-26 में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम योजनाओं तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म स्कूल बैग स्वेटर जूता मौजा एवं स्टेशनरी हेतु धनराशि का सीधे अभिभावको के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना के बारे में बताया गया। निपुण भारत मिशन एसएमसी बालिका शिक्षा आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑपरेशन काया कल्प के विषय पर प्रधानों जनप्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई और उस पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार शुक्ल किया गया समापन खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने अपने उद्बोधन के साथ किया।

## एक नजर

### कुष्ठ रोगी खोज अभियान का जिला नाभिक टीम ने किया पर्यवेक्षण

**बिलारी।** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तीसरे दिवस पर जिला नाभिक टीम के डॉ0 भास्कर अग्रवाल (डी0एल0सी) मुरादाबाद के द्वारा बिलारी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम की टीमों का पर्यवेक्षण किया। सर्वप्रथम जिला नाभिक टीम के द्वारा ग्राम हाथीपुर बहाउद्दीन में किए गए सर्वे का परीक्षण किया उनके द्वारा टीमों को कार्य में सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इसके पश्चात डॉ भास्कर अग्रवाल के द्वारा ग्राम जलालपुर खास पर सभी टीमों का सुपरवीजन किया गया जिसमें टीमों को कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने घरों में जाकर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के बारे में ग्रामीण वासियों को जानकारी दी तथा साथ ही कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत कार्य करने वाली टीमों को सहयोग प्रदान करने की अपील की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राज पाल के द्वारा बताया गया कि आज विभिन्न टीमों के द्वारा सात संदिग्ध रोगी खोजे गए हैं इसी प्रकार सभी टीम पूर्ण उत्साह से कार्य करती रहे और संदिग्ध रोगी को खोज कर उनका निशुल्क उपचार करायें।

### जिनेट लॉफर बिश्नोई ने 29 नियमों से प्रभावित होकर कनाडा में कराया गुरु जंभेश्वर मंदिर का निर्माण

कांठ(शाह टाइम्स) कनाडा में रहने वाली जीनेट लाफर बिश्नोई ने बिश्नोई समाज के 29 नियमों से प्रभावित होकर कनाडा में गुरु जंभेश्वर मंदिर का निर्माण कराया है। इसकी जानकारी मिलने पर बिश्नोई समाज ने उनका आभार व्यक्त किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक



जीनेट लाफर बिश्नोई कनाडा में प्रोफेसर थी और कुछ साल पहले वह भारत घूमने के लिए आई राजस्थान घूमने के दौरान उन्हें बिश्नोई समाज के बारे में जानकारी मिली बिश्नोई समाज के नियम और उनकी पुस्तकों के बारे में पढ़कर वह काफी प्रभावित हुई और अपने नाम के पीछे बिश्नोई जोड़ दिया। कनाडा जाकर उन्होंने गुरु महाराज को समर्थित मंदिर निर्माण करने की ठानी और 2023 में इस कार्य की उन्होंने शुरुआत की बताया गया की मंदिर निर्माण अब संपूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर नहीं बल्कि 29 नियमों की पर्यावरण संरक्षण अहिंसा और प्रकृति प्रेम की शिक्षाओं का जीवंत प्रतीक है। यह अनमोल सीखें अब कनाडा से पूरी दुनिया में फैलने वाली है और बिश्नोई समाज के बारे में अब दूसरे देश के लोगों को भी गहराई से जानने का मौका मिलेगा समाज के लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

### भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह हर्षोउल्लास के साथ संपन्न

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद (शिवाजी शाखा) का होली मिलन समारोह ड्राइविंग 24 में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, इस समारोह में रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें गेम्स डांस विभिन्न प्रस्तुतियां भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई इस उत्सव में फूलों की होली भी खेली गई, उपरोक्त में रुद्रांश गौड़ ,रुद्राक्षी गौड़ , काव्या, खुशी अग्रवाल ,मान्या ने मनमोहन डांस प्रस्तुत किया।श्री अनुष बंसल..संजीव गर्ग..पी के अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ आरके शर्मा,सचिव श्री सत्येंद्र दीक्षित..सुनीता अग्रवाल.प्रांत महिला सहभागिता डॉ नूतन आर्या डाक्टर नीरज अग्रवाल..पुरु कुमार..रोमिल शिंघल..अवधेश गुप्ता..हेमंत शर्मा..आशु शर्मा..अरुण मित्तल लोग उपस्थित रहे।

### ईरान अमेरिका युद्ध को लेकर अब गैस की किल्लत पड़ने की अफवाह एसडीएम ने किया गैस गोदाम का निरीक्षण



**कांठ( शाह टाइम्स )** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर अब रसोई गैस और पेट्रोलियम पदार्थ की किल्लत पडने की अफवाह शुरू हो गई है आज एसडीएम ने आपूर्ति विभाग को साथ लेकर गैस गोदाम का निरीक्षण कर स्टॉक की भी जांच की है। बतादे की अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर हफ्ते भर से ज्यादा समय हो गया है दोनों देशों द्वारा एक दूसरे पर दागी जा रही मिसाइल के कारण पेट्रोलियम पदार्थों को काफी नुकसान हुआ है। रोजाना मिल रही खबरों के मुताबिक इससे भारत में पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत पडने की संभावना बन चुकी है। जिसकी अब अफवाहें भी जोर पकड़ रही है इन्हीं अफवाह पर विराम लगाने के लिए आज एसडीएम आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को साथ लेकर सुगंध गैस एजेंसी पहुंचे और उन्होंने गोदाम पर जाकर निरीक्षण किया। उसके बाद वह संबंधित एजेंसी के कार्यालय में पहुंचे और उन्होंने रजिस्टर चेक कर स्टॉक से उसका मिलान किया बताया गया कि जिला अधिकारी के निर्देश पर हुई इस जांच में यह भी देखा गया की कही इन अफवाहों का लाभ उठाकर एजेंसी स्वामी गैस की काला बाजारी तो नहीं कर रहे हैं। लेकिन कुल मिलाकर आज की जांच में अधिकारियों को किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिल पाई फिर भी उन्होंने ऐसे कठिन समय में पूरी श्रद्धा और ईमानदारी के साथ काम किए जाने के निर्देश दिए है। एजेंसी स्वामी का कहना है कि अभी रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है और हमेशा की तरह ही नियमित तरीके से गैस की आपूर्ति जारी है।

### सुबह को घना कोहरा देख ईरान युद्ध से जोड़ रहे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सुबह देर तक छाया रहा घना कोहरा अब लोगों को चिंता में डाल रहा है कोहरे के बीच भी ठंड ना बढ़ाना लोगों के लिए असमंजस का कारण बना हुआ है। लोग अब इसे अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर भी देख रहे हैं बतादे की 2 दिन पहले



आधी रात के बाद अचानक कोहरे ने क्षेत्र को अपनी चपेट में लिया था जिसमें सुबह 7:00 बजे भी वाहनों को लाइट जला कर चलना पड़ा लेकिन बुधवार की सुबह को आया घना कोहरा लोगों के लिए कोतूहल का विषय बन गया। लगभग 6:45 बजे सुबह को हमारे संवाददाता ने इस कोहरे को अपने कैमरे में कैद किया उस वक्त कोहरे के कारण हाथ को हाथ दिखाई नहीं दे रहा था और वाहनों को लाइट जला कर चलना पड़ रहा था। जबकि दुकानों के आगे जल रही लाइट भी केवल अपनी दुकान के नीचे ही रोशनी फेंक रही थी वहां से सड़क तक का दिखाई देना बड़ा मुश्किल था लोगों का कहना था कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब मार्च के महीने में यानी होली के बाद ठंड तो बढ़ती देखी है लेकिन कोहरा और वह भी बिना ठंड के यह आश्चर्य की बात है।

### खाद्यान्न का वितरण आज से 28 मार्च तक होगा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारको को निशुल्क खाद का वितरण इस माह आज से शुरू होकर 28 मार्च तक किया जाएगा उक्त जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई बताया गया की 11 मार्च तक उचित दर दुकानों पर सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था से खाद्यान्न पहुंचा दिया गया है और उचित दर विक्रेता द्वारा उठान की स्थिति को रियल टाइम अपडेट किया जाना भी अनिवार्य है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक दुकान पर खाद्यान्न बाजरा ज्वार मक्का एवं चीनी के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से वितरण होने से पूर्व सुनिश्चित कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी डॉ. विदुषी सिंह ने प्रात: 10 बजे प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह प्रचार वाहन शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों और आसपास के इलाकों में भ्रमण कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा, ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट रागिनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम आदित्य सिंह, सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम पराग यादव, एसीजेएम नावेद अख्तर, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया सहित बार एसोसिएशन चन्दौसी के अध्यक्ष विनोद सिंह और सचिव तीरथ यादव मौजूद रहे।

## गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव कमरिया जुमला निवासी नरेश पुत्र बाबू सिंह का आरोप है कि उसका पुत्र अशोक 2:00 बजे घर से दुकान पर सामान खरीदने जा रहा था रास्ते में गांव का दीपक पुत्र बलबीर इसका भाई मनोज मिल गए उन्होंने गाली गलौज करनी शुरू कर दी दीपक ने ईट उठाकर उसके पुत्र के सर पर मारी जिसमें वह घायल हो गया शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर आए तो दीपक और मनोज ने उनके साथ भी गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। पीडित घायल को लेकर थाने पहुंचा पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब के निजी कार्यालय पर तराबीह में हुआ मुकम्मल कुरान

**पाकबड़ा।** मुरादाबाद पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब के निजी कार्यालय पर 21वीं तराबीह को कुरआन पाक मुकम्मल हो गया। इस अवसर पर हाफिज अजहरुद्दीन ने कुरान पाक सुनाया ओर हाफिज अली वारिस ने समाअत की



तिलावत की और दुआएं मांगी गईं। हाफिज दानिश उल कादरी ने कहा कि कुरान अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोज ए कियामत तक महफूज रहेगी। शहर इमाम काजी शम्मे आलम ने कहा कि रमजान मुबारक में कुरान पढ़ने और सुनने में अल्लाह अपने बन्दे को नेकिया अता फरमाता है। आखिर में सय्यद नजीर उल कादरी ने कोम की तरक्की व मुल्क की भलाई के लिये दुआ कराई। इस अवसर पर उपस्थित हाफिज अनवर, हाफिज नईम, हाफिज अहसान, हाफिज दिलदार, हाफिज शाने अजहरी आदि शिरकत की ओर चेयरमैन मोहम्मद याकूब को उनके इस आयोजन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर दत्तराम

**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत मानपुर दत्तराम में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 18.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बथुआखेड़ा में मैन रोड से अहमद अली के घर तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 185436/- | 3709/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | रामपुर वलभद्र में (लुखड़िया भूड़) में मैन रोड से जोगिन्दर के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 138734/- | 2775/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | मानपुर दत्तराम में मैन रोड से सुनील शर्मा के घर तक सीसी टाईल्स व (सपोर्ट वाल) निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 137128/- | 2743/- | 250/- | 3 माह |
| 4 | मानपुर दत्तराम में इस्लाम के घर से इकबाल के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, अव्वल ईंट, सरिया आदि। | 358813/- | 7177/- | 250/- | 3 माह |
| 5 | रामपुर वलभद्र में मैन रोड पर प्रीतम सिंह के घर से हरपाल के घर तक दोनों साईड नाली निर्माण कार्य व सिल्ड कैप्चर। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सरिया आदि। | 397897/- | 7958/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-मानपुर दत्तराम**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


# देहली चिल्ड्रन स्कूल के बच्चे अच्छे अंक लाने पर सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिल्ली चिल्ड्रन स्कूल में आज कक्षा 8 तक का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य हिना अली ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक है। क्योंकि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत करते रहना चाहिए बताया कि उनके स्कूल द्वारा समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का काम किया जाता है।



इस दौरान अच्छे अंक आने पर बच्चों के माता-पिता को भी शुभकामनाएं दी गई स्कूल के अध्यक्ष जितेंद्र बिश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं के सुखद भविष्य की कामना की और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर उप प्रधानाचार्य शोभित बिश्नोई शुभम बिश्नोई दरक्षा हैदर सारिका अंजुम सावा अर्शी अनिका इरतजा सबा परवीन अफसाना हुमैरा सबीना नेहा रूसदा परवीन साजिया आदि समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में दिया लक्ष्य पूर्ति पर जोर

**बिलारी।** ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लक्ष्य इसी वर्ष पूरा करने पूरा करने पर बल दिया। विकासखंड सभागार में जिला अग्रणी प्रबंधक पंकज सरन एवं खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बैंकर्स से शाखा बाहर विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानी। कहा मुख्यमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, डॉ अंबेडकर विशेष रोजगार योजना, मत्स्य पालन, स्वयं सहायता समूहों के लक्ष्य पूरे किए जाने हैं। समूहों के खाते बैंकों में खुलवाने उनकी सीसीएल पूरी करने, सभी को बैंकों से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक, पीएनबी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बडोदा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंधक मौजूद रहे।

## खेत पर आलू की रखवाली कर रहे किसान पर जानलेवा हमला, आठ के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव डांडा दंबू नगला में नौ मार्च की शाम 7:00 बजे अपने खेत में खुदे हुए पड़े आलूओं की रखवाली कर रहे किसान को गांव के ही हमलावरों ने फरसा लाठी डंडे चाकू से मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया, शोर सुनकर आसपास के किसान बचाव को दौड़े तब आरोपी धमकी देकर भागे। शेर सिंह ने गांव के ही अशोक, बॉबी उर्फ पंकज, सुभाष, उत्सव, भुवनेश, राजवीर, रामवीर और बैलेस को नामजद कराते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि मार्च की शाम 7:00 बजे मेरा छोटा भाई ओम प्रकाश खेत पर रखवाली कर रहा था तभी सभी आरोपी चाकू फरसा लाठी डंडों से लैस होकर उसे जान से मारने की नीयत से पहुंचे उत्सव और भुवनेश के हाथों में तमंचे थे इन्होंने जाते ही उस पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# टिमिट में नेक्स्टजेन एंटरप्रेन्योस: बिजनेस प्लान शोडाउन का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा छात्रों में उद्यमिता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ''नेक्स्ट जेन एंटरप्रेन्योरस: बिजनेस प्लान शोडाउन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बी.कॉम. के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नवाचार, रचनात्मक सोच और व्यवसायिक कौशल को विकसित करना था, ताकि वे भविष्य में सफल उद्यमी बन सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टिमिट के पूर्व छात्र श्री अनमोल गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नवोन्मेषी सोच, जोखिम उठाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प ही एक सफल उद्यमी की पहचान बनाते हैं।



उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि युवा सही योजना और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो वे अपने स्टार्टअप के माध्यम से समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न नवोन्मेषी बिजनेस आइडियाज और स्टार्टअप योजनाओं को प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपने बिजनेस प्लान में बाजार की संभावनाओं, निवेश, मार्केटिंग रणनीतियों और सामाजिक प्रभाव जैसे पहलुओं को विस्तार से समझाया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए उन्हें व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने और लगातार सीखते रहने की सलाह दी। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने भी छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आज के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नई सोच विकसित करने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय शिक्षकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें नए विचारों को विकसित करने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन

**मुंडापांडे।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आज मुंडापांडे ग्राम के रंगोली मंडप में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि कायाकल्प योजना के द्वारा प्राथमिक विद्यालय का विकास किया जा रहा है और इसमें कहीं भी कमी हो तो विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान या उन्हें बताएं। विधायक ने कहा कि वह प्राथमिक विद्यालयों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और शासन की मंशा के अनुसार गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान रखते हुए विद्यालय की ओर आकर्षित करने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राज.



ेश चतुर्वेदी ने बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित कार्यक्रम व योजना के बारे में जानकारी दी और डीवीडी के माध्यम से धनराशि भेजने, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबंध समिति एवं आपरेशन कायाकल्प के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु ग्राम प्रधानों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सचिवों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर नीरज शर्मा, संजय सिंह, आशीष कुमार सिंह, सुमित कुमार, मुनेंद्र यादव, राजेश सिंह, देवेश चक्रवर्ती, अंजली, सपना सक्सेना, सतेंद्र कुमार, फारुख अली, मुन्ना सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मयंक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## टेट अनिवार्यता के विरुद्ध में शिक्षक की पाती अभियान शुरू जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने किया शिक्षकों से जुड़ने का आह्वान

**बिलारी।** आरटीई एक्ट 2009 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ जिसमें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, टीएससीटी उ प्र, यूटा , अटेवा , एससीएसटी वेलफेयर एसोसिएशन , महिला शिक्षक मोर्चा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर संघ, उ प्र बीटीसी शिक्षक संघ, उ प्र शिक्षामित्र संघ, आदि कुल पंद्रह संगठन शामिल हैं के द्वारा चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के तहत सर्वप्रथम शिक्षक की पाती, इसके बाद जिला मुख्यालय पर मशाल रैली निकाली जाएगी। तीसरे चरण में इको गार्डन लखनऊ में रैली का आयोजन चौथे चरण में मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव प्रस्तावित है जिसमे क्रम में प्रथम चरण में शिक्षक की पाती कार्यक्रम में प्रधान मंत्री,मुख्यमंत्री,लोकसभा अध्यक्ष,नेता प्रतिपक्ष लोकसभा, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा को पोस्ट कार्ड एव ईमेल के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कराने के लिए निवेदन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले भर के शिक्षक द्वारा माननीयों के नाम पोस्ट कार्ड व ईमेल लिखकर टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की माँग की जा रही है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने अपने स्टाफ के साथ शिक्षक की पाती लिखकर विरोध दर्ज कराया और जनपद के शिक्षकों से अपील की कि वह भी इस टैट अनिवार्यता के विरोध के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता दें जिससे शिक्षकों को आवाज जोरदार तरीके से माननीयों तक पहुंचाई जाए ताकि आरटीई एक्ट 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति मिल सकें।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका के बीच नेमार ने गुस्सा निकाला

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार ने मिरासोल के साथ सैंटोस के अवे मैच के लिए टीम से बाहर किए जाने पर गुस्सा जताया, जिससे इस साल के फीफा वर्ल्ड कप से पहले उनकी फिटनेस पर नए शक पैदा हो गए हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी के मंगलवार रात के सीरी ए मैच में चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीद थी। ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने पहले कहा था कि नेशनल टीम के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी इस महीने के आखिर में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ वर्ल्ड कप वार्म-अप मैचों के लिए अपनी टीम का नाम बताने से पहले नेमार का हालचाल जानने के लिए मैच में आएंगे। लेकिन इस फैसले से यह चिंता बढ़ गई कि क्या बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार जून और जुलाई में होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार होंगे।

## अमेलिया की हैट्रिक से जीती न्यूजीलैंड

**डुनेडिन, वार्ता।** अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया।

'प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहल बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल जमिुनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अभिषेक-ईशान की जोड़ी का जलवा

### आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए



**दुबई, वार्ता।** स्टार भारतीय लेफ्ट-हैंडर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय बैटिंग जोड़ी ने इस फॉर्मेट में पहले-दो स्थान हासिल किए हैं। किशन की नजर टी-20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बनने पर भी है। बॉलिग रैंकिंग में, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया, हालांकि वह 14 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, लेकिन उन्होंने बहुत ज्यादा रन दिए।

जबकि पेसर जसप्रीत बुमराह, जो फाइनल में 15 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने थे, एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि स्पिनर अक्षर पटेल और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 17वें और 46वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शर्मा के अभी 875 रेटिग पॉइंट्स हैं, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 गेंदों में 52 रन बनाने की वजह से वह अभी भी टेबल में टॉप पर हैं, जबकि किशन ने कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 52 रन और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 18 गेंदों में 39 रन बनाकर इंग्लैंड के फिल साल्ट और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

दोनों के बीच सिर्फ चार पॉइंट्स का फर्क होने की वजह से, किशन (871 पॉइंट्स) के पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और शर्मा की बराबरी करने और इस फॉर्मेट में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बैट्समैन बनने का भी मौका है। सितम्बर 2022 में, एक ही टीम के पिछले दो बैटर पहले दो पोजीशन पर पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। लेटेस्ट वीकली रैंकिंग अपडेट में न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सीफर्ट भी चार पायदान ऊपर चढ़कर करियर के बेस्ट छठे पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 58 और इंडिया के खिलाफ फाइनल में 52 रन बनाए थे। बड़े फायदे पाने वाले दूसरे खिलाड़ियों में इंग्लैंड के जैकब बेथेल हैं, जिनकी सेमीफाइनल में इंडिया के खिलाफ सेंचुरी ने उन्हें करियर के बेस्ट 16वें पोजीशन पर पहुंचा दिया है, और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन, जिनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफ नॉट आउट 97 रन की पारी और इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन के एक जैसे स्कोर ने उन्हें 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है। शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर) और विल जैक्स (आठ पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी आगे बढ़े हैं। बॉलिग रैंकिंग में, टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर खत्म करने के बाद भी, इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया है। उन्होंने नौ मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन बहुत ज्यादा रन दिए, खासकर पिछले हफ्ते के मैचों में।

## सैन्य विवाद की वजह से अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज स्थगित



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के खिलाफ अपनी आने वाली सीरीज, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है।

दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी-20 खेलने थे। एसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां, श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं।

हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतजाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

## ईरान की फुटबॉल टीम अभी भी फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है : जियानी इन्फेंटिनो



**वॉशिंगटन, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम अभी भी 2026 फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है।

उन्होंने टूर्नामेंट के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ सीधी बातचीत के बाद यह घोषणा की। इन्फेंटिनो के साथ बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान का इस गर्मी के विश्व. कप में हिस्सा लेने के लिए 'स्वागत' है, भले ही दोनों देश युद्ध में हों।

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट में इन्फेंटिनो ने कहा कि वह अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को ट्रम्प से मिले। इन्फेंटिनो ने कहा कि उन्होंने और ट्रम्प ने 'ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की। इन्फेंटिनो ने कहा कि बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहराया कि ईरानी टीम का अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वागत है।

# मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभाई: सूर्यकुमार यादव

**● कहा : निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल विश्व कप सफर को तय किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजई अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया।

हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियां बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्य भाई, क्या आप मजाक कर रहे हैं?' यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा, 'छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे?' उन्होंने कहा, 'सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो।



## द. अफ्रीका के चार तथा विंडीज के नौ सदस्य स्वदेश रवाना: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी बुधवार को कहा कि द.अफ्रीका के चार खिलाडी और परिवार के पांच सदस्य तथा वेस्टइंडीज दल के नौ सदस्य अपने-अपने देशों के लिए प्रस्थान हो चुके है। आईसीसी की ओर से आज अपरान्ह दी गई ताजा अपडेट में खिलाड़ियों के रवाना होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य फ्लाइट पकड़ चुके हैं और घर जा रहे हैं, उनके बाकी सभी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में निकलने वाले हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के दल में से, नौ सदस्य स्वदेश रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 अगले 12 घंटों में भारत से जाने वाली उड़ानों में बुक हैं।

## आईसीसी की पुरस्कार राशि से टी-20 विश्व कप टीमें हुई मालामाल

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को टी-20 विश्व कप 2026 में शामिल हुई सभी 20 टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर कुल 11-25 मिलियन यूएस डॉलर (एक अरब 39 करोड़ चार लाख 43 हजार) की पुरस्कार राशि के अंतिम विवरण की पुष्टि कर दी है। सह-मेजबान भारत खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनी है।

खिताब विजेता भारत को 2,639,423 डॉलर (24,28, 49,351 रुपये) और उप विजेता न्यूजीलैंड को 1,422,692 डॉलर (13,08,91,789 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका को 1,005,577 डॉलर (9,24,89,855 रुपये) और इंग्लैंड को 974,423 डॉलर (8,96,49,741 रुपये) राशि मिली है। विंडीज को 538,269 डॉलर (4,95, 19,222 रुपये), पाक को 522,692 डॉलर (4,80,86,182 रुपये), जिम्बाब्वे को 491,538 डॉलर (4,52,20,103 रुपये), श्रीलंका को 475,962 डॉलर (4,37,87,155 रुपये), अफगानिस्तान को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये), ऑस्ट्रेलिया को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये),अमेरिका को 309,808 डॉलर (2,85, 01,248 रुपये) स्कॉटलैंड को 278,654 डॉलर (2,56,35,189 रुपये), आयरलैंड को 271,731 डॉलर , इटली को 256,154 डॉलर , नीदरलैंड को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), यूएई को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), नेपाल को 256,154 डॉलर (2,35, 62,748 रुपये), कनाडा को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये), नामीबिया 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) व ओमान को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है।

# टी-20 के बाद वनडे में भी पाक टीम फुस्स

**● पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने आठ विकेट से रौंदा, पाकिस्तान मात्र 114 रन ही बना सकी**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान का टी-20 विश्व कप में सुपर-8 चरण से बाहर होने का दुख अभी खत्म नहीं हो पाया था कि अब वनडे में भी उन्हें करारी शिकस्त मिली है। दरअसल, पाकिस्तान को बांग्लादेश ने पहले वनडे में आठ विकेट से रौंद दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह मुकाबला मीरपुर में खेला गया, जहां पाकिस्तान 30.4 ओवर में महज 114 रन ही बना सकी।

वहीं, बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेजबान बांग्लादेश सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। अगली आठ साझेदारियां दहाई का आंकड़ा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने नौ विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिब. जादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।



विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने सात ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर के हाथ 1-1 विकेट लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में चार रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**● एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर रिपोर्ट देने को कहा**

**ढाका, वार्ता।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई।

एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। इस कदम के बाद, डिविजनल काउंसलर और पुराने क्रिकेट ऑर्गनाइजर ने भी काउंसलरनॉमिनेशन में कथित गड़बड़ियों, एड-हॉक कमेटियों के बनने और चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अधिकारों के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई और एनएससी को एक लेटर सौंपा। एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (जॉइंट सेक्रेटरी) मोहम्मद दोलोतुज्जमां खान ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर युवा और खेल राज्य मंत्री को अपनी रिपोर्ट देने को कहा। रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज एकेएम असदुज्जमां कमेटी को हेड करेंगे। दूसरे मेंबर युवा और खेल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम फकीर, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (डीबी एडमिन और साउथ) मोहम्मद नसीरुल इस्लाम, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एटीएम सईद उज्जमां और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट बैरिस्टर सालेह अकरम सम्राट हैं।



## महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सूर्यकुमार यादव व शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्राी देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में न्यूघीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

# जीत के साथ सिनर, सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

**● जानिक सिनर ने जोआओ फोन्सेका को 7-6, (6), 7-6, (4) से हराया**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो युवा प्रतिभाओं के बीच बहुप्रतीक्षित पहली मुलाकात इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में खचाखच भरी भीड़ के सामने उम्मीदों पर खरी उतरी, जिसमें सिनर ने महत्वपूर्ण क्षणों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी क्वार्टरफाइनल उपस्थिति सुनिश्चित की।

सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की और एक और टाई-ब्रेक में जोरदार समापन करके जीत हासिल की। सिनर ने मैच के बाद कहा कि जोआओ एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है, अविश्वसनीय प्रतिभा है, दोनों तरफ से बहुत शक्तिशाली है। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगा कि जितना संभव हो उतना आक्रामक होने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। दूसरे सेट के अंत में मैंने थोड़ी तीव्रता कम कर दी लेकिन उसने वहां अविश्वसनीय टेनिस खेला।





**● आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया**

**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुक. ाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट ओपनिग सर्विस गेम से की।

हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला।

# नशे की हालत में होमगार्ड ने निगली सल्फास की गोलियां, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर चौकी इलाके में एक होमगार्ड द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार राकेश नाम का व्यक्ति होमगार्ड के पद पर तैनात है और वह कस्बा सलावा का निवासी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। किसी बात को लेकर वह अचानक गुस्से में आ गया और आवेश में आकर उसने सल्फास की गोलियां खा लीं।कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। उसे उल्टियां होने लगीं और घबराहट के लक्षण दिखाई देने लगे। राकेश की हालत खराब होते देख परिजनों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसकी हालत गंभीर बताई और तत्काल भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार जहरीला पदार्थ शरीर में जाने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी, हालांकि इलाज के बाद अब उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार बताया जा रहा है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लग गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में होमगार्ड ने यह कदम उठाया। साथ ही परिवार के लोगों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।फिलहाल घायल होमगार्ड का अस्पताल में उपचार जारी है और डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर लगातार



नजर बनाए हुए है। वहीं घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'होली भोज' कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के डिपार्टमेंट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में ''होली भोज'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में होटल मैनेजमेंट में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं ने होली के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाया और परा.सा गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव



कोठीवाल ने इस 'भव्य भोज' कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य व होली की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने भी समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं को होली की शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए होली के पावन उत्सव पर आयोजित 'सह भोज' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी प्रेम और भाई चारे को बढ़ावा देने वाला होता है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी शिक्षकों कर्मचारियों और विद्यार्थियों को होली के हर्षोल्लास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार सभी को सुरक्षित तरीके से संयमित होकर मनाना चाहिए और एक दूसरे की भावना का भी ख्याल रखें। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा व कौशल को निखारते हैं। वहीं स्कूल की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम सभी छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार तैयार करें।

यह कार्यक्रम होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल मिश्रा, प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, विभिन्न स्कूलों के निदेशक एवं चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह समेत विश्वविद्यालय के समस्त प्रशास.निक अधिकारियों व शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ शिरकत की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. आरती गर्ग, सुश्री तनुजा शर्मा, मोहित कुमार, लक्ष्मण सिंह एवं आकाश मौर्य का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर



### हुल्का देवी मंदिर में चल रहे बसोड़ा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शीतला अष्टमी पर लगी लंबी कतारें

**मुरादाबाद।** शहर के कपूर कंपनी पुल के पास स्थित प्राचीन हुल्का देवी महारानी सिद्ध पीठ मंदिर में होली के बाद लगने वाले पारंपरिक बसोड़ा मेले में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 14 दिनों तक चलने वाले इस मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में आस्था और श्रद्धा का अनोखा माहौल देखने को मिल रहा है।बसोड़ा मेले के दौरान खासतौर पर शीतला अष्टमी के अवसर पर सुबह तड़के से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। महिला और पुरुष भक्त माता शीतला के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में प्रसाद और भोग अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना हुआ है। यहां प्रसाद, खिलौने और अन्य सामानों की अस्थायी दुकानों पर भी लोगों की काफी भीड़ दिखाई दे रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग मेले का आनंद लेते नजर आ रहे हैं।श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और स्वयंसेवक लगातार भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने में लगे हुए हैं। मंदिर समिति के अनुसार बसोड़ा मेले के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है।

### ईरान पर हमले के विरोध में निकाला शांति मार्च, युद्ध रोकने की उठाई मांग




**मुरादाबाद।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) की जिला इकाई ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल द्वारा किए जा रहे कथित सैन्य हमलों के विरोध में बुधवार को शांति मार्च निकालकर विश्व शांति की मांग उठाई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडलायुक्त कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकालते हुए युद्ध विरोधी नारे लगाए और युद्ध रोकने की मांग की।मार्च के दौरान कार्यकर्ता "युद्ध नहीं शांति चाहिए", "ईरान पर हमले बंद करो" और "जंगखोर अमेरिकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद" जैसे नारे लगा रहे थे। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विश्व में शांति बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शक्तिशाली देश दूसरे देशों के प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा पर कब्जा करने के लिए युद्ध थोप रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय शांति को खतरा पैदा हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि युद्ध और सैन्य कार्रवाई से आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है।कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापित करने, युद्ध जैसी स्थितियों को रोकने और कूटनीतिक समाधान खोजने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरकार से विश्व शांति के पक्ष में स्पष्ट रुख अपनाने की मांग भी की। इस मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने युद्ध के खिलाफ जन आंदोलन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने की उठाई मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन




**मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के पदाधिकारियों और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि मौजूदा समय में बढ़ती महंगाई के कारण 8 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन में परिवार का पालन-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है।संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2025 के फरवरी माह में प्रशासन की ओर से आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की घोषणा की गई थी, जिसे अप्रैल 2025 से लागू करने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से वेतन बढ़ाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ज्ञापन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अप्रैल 2026 से आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर कम से कम 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए,

ताकि कर्मचारी अपने परिवार का सही तरीके से पालन-पोषण कर सकें और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें। संगठन ने यह भी कहा कि भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर अवकाश घोषित करने के लिए पूरा वाल्मीकि समाज जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करता है। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं को समझते हुए जल्द ही वेतन वृद्धि का फैसला करेगा।इस दौरान संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर में युवाओं को धूम्रपान त्यागने और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के तत्वावधान में कौशल विकास हेतु युवा विषय के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन बुधवार को ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वन विभाग अधिकारी प्रभात कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वानिकी के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में रोजगार की भी अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने चरित्र और व्यक्तित्व के विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। शरद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन, जीव और वन एक संतुलित व्यवस्था का हिस्सा हैं। यदि इनमें से किसी एक का संतुलन बिगड़ता है।

# आईएफटीएम में इंटरेक्टिव लेक्चर सीरीज का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से ''कंटेंपरेरी अप्रोचेस इन साइंस एजुकेशन रिसर्च'' विषय पर चल रही ''इंटरेक्टिव लेक्चर सीरीज'' के क्रम में दो विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. वी.पी. पांडे ने लेट अस टॉक अबाउट नंबर्स विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने गणित में संख्याओं के जादू, महत्व तथा उनके दैनिक जीवन एवं विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में उपयोग



के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे व्याख्यान में डॉ. शोभित राज विमल ने माइक्रोब्स बेस्ड ऑर्गेनिक फार्मिंग टू अचीव सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने सूक्ष्मजीव आधारित जैविक खेती के महत्व और सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सूक्ष्मजीवों की भूमिका को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि यह व्याख्यान श्रृंखला विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव व रसायन विज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा पाली ने किया।

# सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की एक बैठक मोहल्ला राज कैथल गेट स्थित जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिम प्रदेश सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाशचंद चटवाल ने की। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया। प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार राजवर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने शिव कुमार राही को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय पर बैठक में मौजूद सदस्यों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी सेठ जयकमल ने कहा कि पालिका द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है और जल्द ही बोनस, एरियर व कोरोना काल का बकाया भुगतान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में राजू अंजान, अजय चौहान, विशाल वाल्मीकि, सरजू, नीरज, विष्णु, विक्रम, मनोज भारती, पंकज, विनोद, अमर राजवर अन्य सभी साथी उपस्थित रहे।

# महिला का पर्स छीनकर बदमाश फरार, पुलिस बोली लूट नहीं आपसी समझ का मामला!

**ठाकुरद्वारा।** शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला का पर्स छीनकर बदमाश फरार हो गया। पर्स में सोने के जेवर और नकदी होने की बात कही जा रही है। महिला ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है, लेकिन पुलिस का कहना है कि यह लूट नहीं बल्कि "खुद से जेवर उतारकर देने" का मामला है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सच्चाई क्या है, महिला की बात या पुलिस की दलील। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर के मोहल्ला चौहानान निवासी आदेशा देवी पत्नी बृजपाल सिंह मंगलवार को ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रामूवाला गनेश में एक मैरिज हॉल में गोद भराई की रस्म में शामिल होने आई थीं। बताया जाता है कि वह कमालपुरी चौराहे पर अपने रिश्तेदार का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उनके पास आया और किसी का पता पूछने लगा। महिला का आरोप है कि बातचीत के दौरान युवक ने डर का माहौल बनाकर उनसे अपने सोने के जेवर उतारकर पर्स में रखने को कहा। महिला के अनुसार कुछ ही देर बाद बदमाश ने उनके हाथ से पर्स झपट लिया और मौके से फरार हो गया। महिला का कहना है कि पर्स में करीब 3800 रुपये नकद, सोने के जेवर और एटीएम कार्ड रखा हुआ था। घटना के बाद वह देर रात कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, इस पूरे मामले में पुलिस की दलील कुछ अलग ही कहानी बयां कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि महिला के साथ पर्स लूट की घटना नहीं हुई है, बल्कि महिला ने खुद ही आरोपी के झांसे में आकर अपने जेवर उतारकर दे दिए थे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब इस मामले में असली सच क्या है, यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन फिलहाल पुलिस और पीड़िता की बातों में जमीन-आसमान का फर्क जरूर नजर आ रहा है।

ऐसे में लोगों के बीच चर्चा है कि अगर झपट्टा भी "स्वेच्छा से दिया हुआ" मान लिया जाए, तो फिर अपराधियों को डर किस बात का होगा।

# जल संरक्षण के प्रति एनएसएस स्वयंसेवकों ने जगाई अलख, रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के रतूपुरा स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष



शिविर के पंचम दिवस को "जल संरक्षण दिवस" के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जल बचाने का संकल्प लेते हुए ग्रामीणों को भी इसके प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के प्रेरणादायक गीत "हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब एक दिन" के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह ने स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में दुनिया गंभीर जल संकट की ओर बढ़ रही है। भारत के कई राज्यों में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि "यदि पृथ्वी पर जल है तो ही जीवन संभव है, इसलिए जल को जीवन कहा गया है। जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व के कई हिस्सों में चल रहे संघर्षों के बीच भी पेयजल संकट की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे स्पष्ट है कि आने वाले समय में जल का महत्व और बढ़ने वाला है। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेन्द्र गौड़ ने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए गांवों में तालाबों की खुदाई और पुराने जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। वहीं डॉ. रघुनाथ सिंह ने घर-घर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद एनएसएस के स्वयंसेवक और सेविकाओं ने सरकड़ा परमंपुर माफी और नाहर वाला गांव में जागरूकता रैली निक.ालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने "जल है तो कल है" और "पानी बचाओ, जीवन बचाओ" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। आज के कार्यक्रम में नैना, तनु, सैलोनी, सोनम, माही, महिमा, सीमा, सुधांशु, शंकर, जिया नूर, आदित्य, विनय, अक्षय सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक-सेविकाएं मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन बुधवार को एक प्राथमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल व डॉ. प्रियंका तथा मुख्य अतिथि डॉ. सतीश शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. सतीश शर्मा ने छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने पंचकर्म, नेचुरोपैथी और आयुर्वेद जैसी चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देते हुए इनके स्वास्थ्य लाभों से भी अवगत कराया। शिविर के द्वितीय सत्र में हिमांशी शर्मा ने स्वयंसे.विकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के शिविरों और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतल ने किया, जबकि आभार व्यक्त डॉ. प्रियंका ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# बरेली मुरादाबाद के यात्रियों को मिलेगी एक और सौगात 14 मार्च से पुरुलिया आनंद विहार नई ट्रेन सेवा होगी शुरू

**मुरादाबाद।** दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों के लिए जल्द ही एक और नई रेल सेवा शुरू होने जा रही है। 14 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं के साथ



नई ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ करेंगे। यह नई ट्रेन पुरूलिया से चलकर आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन तक जाएगी, जिससे कई राज्यों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।रेलवे की इस नई सेवा से पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई शहर सीधे दिल्ली से जुड़ जाएंगे। प्रस्तावित रूट के अनुसार ट्रेन पुरुलिया से रवाना होकर रामगढ़, रांची, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा और रो.हतास जैसे स्टेशनों से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। इसके बाद यह कैमूर, चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।इस नई ट्रेन सेवा के शुरू होने से खासतौर पर बरेली और मुरादाबाद के यात्रियों को दिल्ली आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। अभी इन शहरों से दिल्ली के लिए सीमित ट्रेनें होने के कारण यात्रियों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई ट्रेन के संच.ालन से यात्रा विकल्प बढ़ेंगे और सफर अधिक सुगम हो सकेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ट्रेन छात्रों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। साथ ही तीन राज्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होने से व्यापार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा। नई रेल सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को कम समय में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सकेगा।

# सीएम ग्रिड योजना में धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त सख्त, लाइनपार क्षेत्र में पहुंचकर किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** शहर में चल रही सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को उन्होंने अचानक लाइनपार क्षेत्र में पहुंचकर निर्माणाधीन सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के कई अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की गति को संतोषजनक न पाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर के विकास से जुड़ी इस महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था आरसीसी डेवलपर्स कंपनी के अधिकारियों को उन्होंने काम की धीमी रफ्तार और लापरवाही को लेकर कड़ी फटकार लगाई।नगर आयुक्त ने कंपनी के प्रबंध निदेशक को भी मौके पर तलब करते हुए कार्य की वर्तमान स्थिति पर जवाब मांगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के



साथ-साथ समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यह भी कहा कि कार्य में किसी तरह की ढिलाई सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह प्रस्तुत की जाए, ताकि काम की निगरानी लगातार की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर कार्य की गति में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। इसके लिए कंपनी को आवश्यक संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।नगर आयुक्त ने बताया कि इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए जल्द ही मंडलायुक्त के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं पर चर्चा कर समाधान निक.ाला जाएगा।उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि लाइनपार क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहा सड़क निर्माण कार्य 31 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। योजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुगम सड़क सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तनाव के बीच महंगाई

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल ठिकानों पर हमलों के बीच ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल पार पहुंच गया, जबकि 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। सप्लाई बाधित होने से वैश्विक बाजार दबाव में हैं। भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों में महंगाई, बढ़ते आयात बिल और रूपए पर अतिरिक्त दबाव की चिंता बढ़ गई है। कतर के पेट्रोलियम मंत्री ने चार दिनों पहले चेतावनी दी थी कि क्रूड ऑयल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। अब यह चेतावनी हकीकत का रूप लेती लग रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के बैरियर को पार कर चुका है। इसमें एक ही दिन में 29 प्रतिशत की तेजी आई और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर पर है। ऑयल फैसिलिटीज पर हमला। दुनिया में पैदा होने वाले कुल क्रूड ऑयल का करीब एक तिहाई पश्चिम एशिया से आता है। अकेले होर्मुन स्ट्रेट से 20 प्रतिशत तेल की डिलिवरी होती है। इस रास्ते से व्यापार फिलहाल बंद है और इलाके में मौजूद ऑयल फैसिलिटीज भी निशाना बन रही है। पिछले दिनों कतर के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट और सऊदी अरब की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी पर ईरान ने हमला किया था। अब बहरीन की सरकारी कंपनी बीएपीसीओ ने भी कह दिया है कि वह अपने व्यापारिक वादे पूरे नहीं कर पाएगी। संघर्ष की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन बाधित हुई और उसी का असर क्रूड ऑयल पर दिख रहा है। अमेरिका-इसाइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से इसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और चिंता की बात है कि इसमें फिलहाल सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। उल्टे कई एक्सपर्ट्स को 1973 के क्राइसिस की याद आ रही है, जब अरब-इस्राइल युद्ध की वजह से क्रूड की कीमतें 300 प्रतिशत तक चढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज से गुजरने वाले तेल टैंकरों को सुरक्षा प्रदान कर सकती है, लेकिन मार्केट के रिएक्शन से जाहिर है कि उनकी बात पर किसी को भरोसा नहीं और यह आशंका भी बढ़ रही है कि संघर्ष लंबा चलेगा। शेयर बाजार पर भी यह डर हावी है। सोमवार को संसेक्स में 1.71 प्रतिशत और निफ्टी में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है। इसमें तेजी का मतलब है आयात बिल का बढ़ना। एक अनुमान के अनुसार, क्रूड ऑयल में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी से जीडीपी पर 0.5 प्रतिशत तक का असर पड़ता है। ऑयल मार्केट जितने लंबे अरसे तक सामान्य से ऊपर रहेगा, भारत को उतना ही ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इससे देश के भीतर महंगाई बढ़ेगी और पहले से डॉलर के मुकाबले दबाव झेल रहे रूपए में और नरमी आएगी।

## परंपराओं और नियमों का उल्लंघन



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए प्रस्ताव में भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है, लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया था कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे, श्री रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था, सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए, लोकसभा में जब यह प्रस्ताव लाया गया था।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

# गुर्दों की खामोश पुकार : समय रहते पहचानें, जीवन बचाएं



योगेश कुमार गोयल

मानव शरीर की जटिल संरचना में गुर्दे (किडनी) ऐसे मौन प्रहरी हैं, जो शरीर के भीतर निरंतर संतुलन बनाए रखने का कार्य करते हैं। वे रक्त से विषैले अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं, शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाते हैं और लाल रक्त को. शिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ए अंग तब तक चुपचाप काम करते रहते हैं, जब तक कि इनमें गंभीर क्षति न हो जाए। यही कारण है कि गुर्दे की बीमारी को अक्सर 'साइलेंट किलर' या 'मूक महामारी' कहा जाता है। आज विश्व स्तर पर गुर्दे की बीमारियां तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार दुनिया में 85 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार की किडनी बीमारी से प्रभावित हैं और हर 10 में से 1 व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोगों को तब तक अपनी बीमारी का पता नहीं चलता, जब तक कि गुर्दों को गंभीर क्षति न पहुंच जाए। हर वर्ष लाखों लोग गुर्दे की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

इन्हीं चुनौतियों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को 'विश्व किडनी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को 'सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्यरू लोगों की देखभाल, ग्रह की रक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय न केवल किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है बल्कि यह भी बताता है कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशंस की संयुक्त पहल के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में किडनी रोगों के बढ़ते बोझ को कम करना, लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना था। आज यह अभियान सैंकड़ों देशों में मनाया जाने वाला एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थान, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

गुर्दे की बीमारी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होती है। शुरुआती चरणों में व्यक्ति को सामान्य रूप से कोई परेशानी महसूस नहीं होती लेकिन भीतर ही भीतर गुर्दों की कार्यक्षमता कम होती रहती है। यही कारण है कि विशेषज्ञ समय-समय पर किडनी की जांच कराने पर विशेष जोर देते हैं। साधारण रक्त और मूत्र परीक्षणों के माध्यम से गुर्दों की कार्यप्रणाली का आकलन किया जा सकता है और बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ लोगों में गुर्दे की बीमारी का जोखिम सामान्य से अधिक होता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति इस बीमारी के सबसे बड़े जोखिम समूह में आते हैं क्योंकि लंबे समय तक उच्च रक्त शर्करा और बढ़ा हुआ रक्तचाप गुर्दों की नाजुक फिल्टरिंग इकाइयों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अतिरिक्त मोटापा, हृदय रोग, पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान, बढ़ती आयु और कुछ दवाओं का लंबे समय तक उपयोग भी गुर्दे की बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विशेष रूप से नियमित जांच कराने की सलाह दी जाती है। गुर्दे की बीमारी के कुछ संभावित संकेत भी होते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लगातार थकान महसूस होना, पैरों या टखनों में सूजन, आंखों के आसपास सूजन, पेशाब के रंग या मात्रा में बदलाव, बार-बार पेशाब आना, भूख कम लगना, मतली या सांस फूलना जैसे लक्षण गुर्दों की समस्या की ओर संकेत कर सकते हैं। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि ए सभी लक्षण हर मरीज में दिखाई दें, इसलिए जांच को ही सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है। किडनी की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए कई प्रकार की चिकित्सीय जांचें उपलब्ध हैं। रक्त में क्रिएटिनिन स्तर की जांच और अनुमानित 'ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट' यह बताती है कि गुर्दे रक्त को कितने प्रभावी ढ़ंग से फिल्टर कर रहे हैं। इसके अलावा मूत्र परीक्षण के माध्यम से प्रोटीन या एल्ब्यूमिन की उपस्थिति का पता लगाया जाता है, जो गुर्दे की शुरुआती क्षति का संकेत हो सकता है। अल्ट्रासाउंड जैसे इमेि. जंग परीक्षणों से गुर्दों की संरचना और किसी संभावित रुकावट, पथरी या सिस्ट का पता लगाया जा सकता है। यदि समय रहते गुर्दे की बीमारी का पता चल जाए तो अक्सर जीवनशैली में बदलाव और दवाओं के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन यदि बीमारी उन्नत चरण में पहुंच जाए तो डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण जैसी जटिल उपचार प्रक्रियाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। इसीलिए विश्व किडनी दिवस का प्रमुख संदेश है 'जल्दी पहचान, बेहतर उपचार।' गुर्दों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी जीवनशैली उपाय अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना गुर्दों को विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल हों, किडनी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन रक्तचाप को बढ़ा सकता है, जिससे गुर्दों पर दबाव पड़ता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी गुर्दे के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, तैराकी या साइकिल चलाना शरीर के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और रक्तचाप तथा रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने में मदद करता है। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन भी गुर्दों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इनसे दूर रहना चाहिए। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक और लंबे समय तक उपयोग भी किडनी को प्रभावित कर सकता है। नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का अनियंत्रित उपयोग गुर्दों पर दबाव डालता है, इसलिए किसी भी दवा का लंबे समय तक उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है।



पर्यावरणीय कारक भी किडनी स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। बढ़ता वायु और जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी और पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थ गुर्दों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। लंबे समय तक गर्म वातावरण में काम करने से शरीर में निर्जलीकरण और ताप तनाव बढ़ता है, जिससे गुर्दों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसी प्रकार प्रदूषित जल और रासायनिक पदार्थ भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता पर भी बल देता है। उदाहरण के लिए, डायलिसिस उपचार में बड़ी मात्रा में पानी और ऊर्जा का उपयोग होता है। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र में ऐसी तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाने की आवश्यकता है, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। बहरहाल, किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में समाज के प्रत्एक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार किडनी की जांच अवश्य करानी चाहिए। यदि बीमारी का प्रारंभिक चरण में ही पता चल जाए तो उचित उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से गुर्दों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। वास्तव में गुर्दे हमारे शरीर के ऐसे मौन संरक्षक हैं, जिनकी उपेक्षा गंभीर परिणाम ला सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किडनी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, पर्यावरण की रक्षा करें और ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो शरीर और प्रकृति दोनों के लिए लाभकारी हो। यदि हम समय रहते सचेत हो जाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें तो गुर्दे की बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता माहे रमजान



निर्मल रानी

पूरे विश्व में इन दिनों मुसलमानों की इबादत का पवित्र महीना रमजान पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस बात से सभी भलीभांति परिचित हैं कि धार्मिक नियमों व रीति रिवाजों का अनुपालन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के पूरे महीने के दौरान दिन भर रोजा (व्रत) रखते हैं और सारा दिन खाना पानी कुछ भी ग्रहण नहीं करते। सूर्योदय से पूर्व सहरी खाकर सूर्यास्त के बाद इफ्तारी कर रोजदार लोग अपना रोजा खोलते हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों या अपने अपने घरों में इबादत भी करते हैं। भारत में प्रत्एक वर्ष रमजान के दौरान हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच एकता की कई हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिलती हैं। ऐसी मिसालें निश्चित रूप से हमारे देश के भाईचारे, आपसी सहयोग और मुहब्बत का प्रतीक हैं। कहीं हिन्दू तो कहीं सिख रोजा इफ्तार करते हैं। तो कहीं मंदिर में इफ्तारी कर मुस्लिम भाइयों को कोई पंडित जी रोजा खुलवाते हैं। कहीं मुस्लिम लोग कुरआन की तरावीह (नमाज -इबादत) छोड़ कर पड़ोसी हिन्दू भाई के घर में लगी आग बुझाने पहुंच जाते हैं तो कहीं हिन्दू भाई बहन रोजा रखकर मुहब्बत का पैगाम देते हैं। जस्टिस मारकण्डे काटजू सहित देश के अनेक गैर मुस्लिम बुद्धिजीवी रमजान के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रोजा रखकर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देते हैं।

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती जिलों में एक हिन्दू परिवार के सदस्य माह-ए - रमजान में पांच रोजे रखते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक गांव में 40-50 हिन्दू रोजा रखते हैं और नियमानुसार सहरी व इफ्तार ग्रहण करते हैं। इन हिन्दू रोजदारों का कहना है कि यह उनके परिवारों की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी तरह राजस्थान के सीकर जिले के कांवट गांव में हिन्दू-सिख परिवार मस्जिद में 15 दिनों तक इफ्तार की दावत दे कर श्रद्धा, सद्भाव व प्रेम का सन्देश देते हैं। राजस्थान के कांवट में सिख परिवार भी हिन्दुओं संग मिलकर रोजदारों को भोजन कराते हैं। हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द का ज्वलंत उदाहरण चेन्नई के मायलापुर स्थित सूफीदर मंदिर में देखने को मिलता है। यहां गत 40 वर्षों से रोजा रखने वालों के लिए इफ्तार तैयार किया जाता है। यहां के पंडित और स्वयंसेवक मुस्लिम रोजदार भाइयों को इफ्तार कराकर उन्हें रोजा खुलवाते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा के अमर सिंह शाक्य जैसे हिन्दू 22 वर्षों से पूरे 30 रोजे रखते आ रहे हैं । उधर उत्तर प्रदेश के रामपुर में ही इस बार मुस्लिमों ने रोजा रखते हुए अपने हिन्दू साथियों के साथ मिलकर होली भी मनाई। बेशक ऐसे आयोजन व गतिविधियां विभिन्न आस्थाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाती हैं।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में रात के समय एक हिन्दू व्यक्ति के घर में रखे गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गई। उस समय पास की एक मस्जिद में अनेक मुस्लिम भाई रोजा इफ्तार के बाद तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। वे सभी पड़ोस से अचानक उठने वाले शोर शराबे से व्याकुल हुए। सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज तरावीह छोड़ दी और फौरन एक साथ मौके पर पहुंचकर न केवल आग बुझाने में मदद की बल्कि मस्जिद से पानी का भी पूरा उपयोग कर आग बुझाने में सफलता हासिल की। इन सबकी की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस इंसानियत भरी मिसाल ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को और मजबूत किया। जहां मुस्लिम भाइयों ने अपनी इस सेवा को ही सच्ची इबादत बताया वहीं हिन्दू पीड़ित परिवार ने भी यह कहा कि हम मुस्लिम भाइयों की इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे। देश के विभिन्न भागों से रमजान के दौरान इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक खबरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के नगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोजदारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिए इफ्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीटड्यूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफी लोक. प्रिय हो रही हैं। वे पिछले 4 वर्षों से लगातार रमजान के पूरे महीने पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर रोजदारों के लिए इफ्तार का इंतजाम कर रही हैं। वह हर दिन लगभग लगभग 300 से 350 रोजदारों को इफ्तार कराती हैं। नेहा भारती की श्रद्धा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे इफ्तार का सामान (पकवान) घर पर अपने हाथों से ही तैयार करती हैं और शाम को उसे लेकर स्वयं जामा मस्जिद पहुंचती हैं और रोजदारों में वही इफ्तारी पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ वितरित करती हैं। नेहा के साथ उनके परिवार के सदस्य और अनेक मित्र भी इन सब में उनकी सहायता करते हैं। पूरे रमजान के दौरान वह रोजाना इफ्तारी में अलग अलग तरह के पकवान बनाती हैं ताकि रोज इफ्तार करने वालों को अलग अलग तरह के पकवान मिल सकें ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम





रजनीश कपूर

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान द्ध।डब।ऋ को 5।5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करनाभारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टेल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्ध।प्ऋ के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमेरिका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा?

'एमका'कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन DRDO की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ADA ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि, 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। डा. संस्करण GEF414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि Mk2 को 110-120 kN थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य साझेदारों के साथ सह-विकासित होगा। 2026 तक, 'एमका' Mk2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्जा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे AI-संचालित इलेक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआउट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो पांचवीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका'में अपनाई जा रही नई स्टेल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टेल्थ का मतलब है रडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका'में डाइवर्टरलेस सुपरसो. निक इनलेट DSI, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत रडार-एब्जॉर्बेंट मटेरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं रडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। उदाहरण के लिए, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने हाल ही में एक नए इंटेक डिजाइन का विकास किया है, जो 98 प्रतिशत प्रेशर रिकवरी सुनिश्चित करता है, जो स्टेल्थ और इंजन दक्षता के बीच संतुलन भी बनाता है। यह तकनीक 'एमका'को चीनी श्र-20 या अमेरिकी F-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका'में 'इलेक्ट्रॉनिक पायलट' नामक AI-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ।प खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, AI-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सेंसर फ्यूजन और नेटवर्क-सेंट्रिक वारफेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां AI स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां AI और स्टेल्थ निर्णायक कारक हैं।

रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है, और 'एमका'इस कमी को पूरा करेगा। स्टेल्थ और AI से लैस 'एमका'भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरेंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में, 'एमका' J-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी श्र-10 या JF-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका'भारत को क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा जो स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के F-22 और F-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका'की स्टेल्थ और AI विशेषताएं F-35 से तुलनीय हैं, लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका'की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के J-20 के खिलाफ, 'एमका'की उन्नत स्टेल्थ और AI बढ़त दे सकती है, खासकर स।ब पर, जहांश्र-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका'की ।प एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेन्स' NGAD या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंडिंग की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए। यह न केवल रक्षा बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




नई दिल्ली। देश में एलपीजी की 'भारी' कमी को लेकर पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पार्टी सांसद संजय सिंह और पार्टी नेता जैस्मीन शाह।

## चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर को पेश किया

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को घरेलू स्तर पर विकसित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा। इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती साधारण स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का केवल एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है।

## कश्मीर का प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च से खुलेगा

**श्रीनगर।** कश्मीर का प्रसिद्ध इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च को आगंतुकों के लिए खुलने के लिए पूरी तरह तैयार है। डल झील के किनारे स्थित एशिया के सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन को देखने के लिए अभी से हजारों दर्शक घाटी में आने लगे हैं। फ्लोरीकल्चर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस साल आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नई चीजें जोड़ी गई हैं। फ्लोरीकल्चर कश्मीर की निदेशक मथुरा मासूम ने बताया कि विभाग ने अतिरिक्त रंगों और किस्मों के साथ बगीचे को और अधिक आकर्षक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमने इस साल बगीचे को और सुंदर बनाने की कोशिश की है।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में 1300 से अधिक ईरानी मारे गए

## संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि ने कहाः 9669 नागरिक ठिकाने भी हुए नष्ट

**न्यूयॉर्क।** संरा में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा गत 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल के सैन्य हमलों में ईरान में 1300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 9669 नागरिक ठिकाने नष्ट हो गए हैं।

इरावानी ने मंगलवार को प्रेस को दिए एक बयान में बताया कि नष्ट किए गए नागरिक ठिकानों में 7943 आवासीय घर, 1617 वाणिज्यिक और सेवा केंद्र, 32 चिकित्सा सुविधाएं, 65 स्कूल और शैक्षणिक संस्थान, रेड क्रिसेंट की 13 इमारतें और कई ऊर्जा आपूर्ति सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे (अमेरिका-इजरायल) जानबूझकर और अंधाधुंध तरीके से मेरे देश के नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई सम्मान नहीं कर रहे हैं और इन अपराधों को करने में कोई संयम नहीं दिखा रहे हैं। इरावानी ने कहा कि घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यह आंकड़ें वास्तविक नहीं हैं, इनमें बढ़ोतरी हो सकती है। ईरान के राजदूत ने नागरिक बुनियादी ढांचों पर हमलों का उल्लेख करते हुए बताया कि शनिवार रात तेहरान और अन्य शहरों में ईंधन भंडारण केंद्रों पर भारी हमले किए गए, जिससे वातावरण में बड़ी मात्रा में खतरनाक और जहरीले प्रदूषक फैल गए हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी का हवाला देते हुए इरावानी ने कहा कि इन विस्फोटों के कारण गंभीर वायु प्रदूषण हुआ और नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर स्वास्थ्य स्थिति वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ये जघन्य हमले अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय दायित्वों का भी उल्लंघन करते हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और जैविक विविधता पर कन्वेंशन के तहत आने वाले नियम शामिल हैं। इरावानी ने अन्य उदाहरणों का भी जिक्र किया, जिनमें शनिवार तड़के तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर हुए हमले शामिल हैं, जिससे कई नागरिक विमान और सुविधाएं नष्ट या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा होर्मोजगन प्रांत के केशम द्वीप पर एक मीठे पानी के संयंत्र पर हमला किया गया, जिससे 30 गांवों की जल आपूर्ति बाधित हो गई। प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि रविवार तड़के इजरायल ने लेबनान के बेरूत में रामादा होटल पर 'जानबूझकर आतंकवादी हमला' किया, जिसमें चार ईरानी राजनयिक मारे गए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य संप्रभु राज्य के क्षेत्र में राजनयिकों की लक्षित हत्या एक गंभीर आतंकवादी कृत्य, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है।




■ घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है

## नेटवर्क की तरह काम करता है ईरान का मोजेक डिफेंस सिस्टम

# लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच 12 दिनों से जंग जारी है। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए हैं। इसके बावजूद ईरान दावा कर रहा है कि वह लंबे समय तक जंग लड़ सकता है। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई है, जिसमें सेना का कमान किसी के पास नहीं बल्कि 7 छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दी गई है। इसके अलावा हर पद के लिए 4 संभावित उत्तराधिकारी पहले से तय कर दिए गए हैं। अमेरिका ने 28 फरवरी को खामेनेई के काम्प्लेक्स पर हमला किया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई की बहू और पोती भी मारी गई थीं। 1 मार्च को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि देश ने दो दशकों तक अमेरिका के युद्धों का अध्ययन किया है। इससे सीख कर ऐसा सुरक्षा ढांचा बनाया गया, जिससे राजधानी पर हमला होने के बाद भी लड़ाई जारी रहे। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई, जिसका नाम रखा 'डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस'। मोजेक का मतलब टाइल्स (छोटे-छोटे टुकड़ों) से बना हुआ डाइग्राम होता है। ठीक वैसे ही इस रणनीति में ईरान की पूरी सैन्य कमान और क्षमता को केंद्रीकृत नहीं रखा जाता, बल्कि 7 छोटे-छोटे, स्वतंत्र हिस्सों में बांट दिया जाता है। इससे अगर दुश्मन टॉप लीडरशिप, सेंट्रल कमांड सेंटर, या बड़े हेडक्वार्टर पर हमला करके उन्हें नष्ट भी कर दे, तब भी बाकी सिस्टम टूटता नहीं है और लड़ाई जारी रख सकता है। डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस इस्लामिक रिवाल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई है। यह पूर्व कमांडर मोहम्मद अली जाफरी (2007-2019) के समय विकसित हुई। इस ढांचे में आईआरजीसी, बसीज मिलिशिया, नियमित सेना, मिसाइल यूनिट, नौसेना और स्थानीय कमांड संरचनाएं एक नेटवर्क की तरह काम करती हैं। संचार टूटने की स्थिति में भी स्थानीय यूनिट्स को कार्रवाई की स्वतंत्रता रहती है। ईरान ने अलग-अलग संस्थाओं को अलग-अलग रोल दिए हैं।



■ लीडरशिप 7 टुकड़ों में ताकत बांट रखी है, हर अहम पद के लिए 4 उत्तराधिकारी पहले से तय
■ सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए

### 1 रेगुलर आर्मी (आर्टेश):

पहले झटके को सहन करती है। आर्मर्ड, मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री यूनिट्स दुश्मन के एडवांस हमलों को स्लो करती हैं। फ्रंट को स्टेबलाइज करती हैं।

### 2 एयर डिफेंस यूनिट्स:

छिपाव, धोखा और डिस्पर्सल (फैलाव) से दुश्मन की एयर सुपीरियरिटी को जितना हो सके रोकती हैं।

### 3 आईआरजीसी:

मुख्य रोल दूसरे स्टेज में। डिसेंट्रलाइज्ड आपरेशंस, घात, लोकल रेसिस्टेंस, सप्लाई लाइन्स डिसरप्ट करना, शहरों, पहाड़ों और रिमोट इलाकों में फ्लेक्सिबल गोरिल्ला वार।

### 3 बसिज मिलिशिया:

बसिज मिलिशिया: इसे 31 प्रांतों में डिवाइड किया गया है, लोकल कमांडरों को ज्यादा आटोनामी (स्वायत्तता) मिली है।

### 4 नौसेना:

नौसेना: फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एंटी-एक्सेस टैक्टिक्स, फास्ट अटैक क्राफ्ट, माइंस, एंटी-शिप मिसाइल्स से दुश्मन के जहाजों को तबाह करना। मिसाइल फोर्स (आईआरजीसी कंट्रोल: डिटरेंट और डीप स्ट्राइक-दुश्मन के इंफ्रास्ट्रक्चर और मिलिट्री टारगेट्स पर हमला। क्षेत्रीय नेटवर्क (प्राक्सी फोर्सेस-मिडिल ईस्ट में सहयोगी ग्रुप्स (जैसे हिजबुल्लाह, हूती आदि) जंग को ईरान की सीमाओं से बाहर फैलाते हैं, ताकि दुश्मन एक फ्रंट पर फोकस न कर सके। पूर्व ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 6 अक्टूबर, 2024 को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के एयरोस्पेस बल के कमांडर अमीर अली हाजीजादेह को आर्डर ऑफ विक्टर से सम्मानित किया था। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया और 2003 में इराक पर हमला किया। इससे सद्दाम हुसैन का हाईली सेंट्रलाइज्ड रिजीम कुछ ही दिनों में ढह गया। कमांड स्ट्रक्चर पर हमला हुआ और सब कुछ बिखर गया। ईरान ने देखा और सीखा कि सेंट्रल कमांड पर निर्भर रहना खतरनाक हो सकता है। ईरान ने अपनी सेना को और सेंट्रलाइज्ड नहीं बनाया, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा। ईरान जानता है कि दुश्मन की कन्वेंशनल ताकत (एयर पावर, टेक्नोलाजी, इंटेलिजेंस) ज्यादा होगी, इसलिए उसने सीधे मुकाबले के बजाए सर्वाइवल यानी जंग को लंबी खींचने और दुश्मन को थकाने वाली स्ट्रेटजी अपनाई।

## ईरानी दूतावास को सौंपें अमेरिकी हमले में मृतकों के शवः श्रीलंकाई अदालत

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने बुधवार को को आदेश दिया कि अमेरिकी हमले में मारे गए 84 ईरानी नागरिकों के शवर ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। इन शवों को फिलहाल गाले राष्ट्रीय अस्पताल के दो फ्रीजर कंटेनर्स में रखा गया है। गाले के मुख्य मजिस्ट्रेट समीर दोडांगोडा ने अस्पताल के निदेशक को आदेश दिया कि सभी शव ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। यह आदेश गाले हार्बर पुलिस के अनुरोध पर जारी किया गया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने बताया था कि अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना के डूबने के बाद 84 ईरानी नागरिकों के शव बरामद किए गए। यह घटना श्रीलंका के दक्षिणी तट पर गाले के पास हुई थी। यह जहाज विशाखापत्तनम से ईरान लौट रहा था। आईआरआईएस ने एक नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। इन शवों को बाकी बचे हुए 32 लोगों के साथ गाले के करापिटिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल लाया गया था। इससे पहले श्रीलंका सरकार ने कहा था कि हालात बेहतर होने तक शवों को देश में ही रखा जाएगा, ताकि बाद में उन्हें उनके देश भेजा जा सके।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित'

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ' हैं।

पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रें, जिनके 'उच्च स्तर पर संपर्क' हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इससे पहले कई अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था।



■ राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

## ताकाइची की 'युद्ध नीतियों' के खिलाफ टोक्यो में भारी प्रदर्शन

टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की सरकार की सैन्य विस्तार की नीतियों के विरोध में मंगलवार रात टोक्यो में हजारों लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इन हजारों प्रदर्शनकारियों ने नेशनल डाइट (जापान की संसद) के बाहर जमा होकर मिसाइलों की तैनाती और घातक हथियारों के निर्यात में ढील देने के सरकारी फैसलों की कड़ी निंदा की। कड़ाके की ठंड के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने 'युद्ध को ना' और 'संविधान कुचलना बंद करो' जैसे नारों वाली तख्तियां थाम रखी थीं।

# ईरान की बैकों पर हमले की चेतावनी

## गूगल और माइक्रोसॉफ्ट भी निशाने पर

**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है।

ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध 'खतम अल-अंबिया' मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं। ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें। इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के 'वैध सैन्य लक्ष्य' हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।



■ यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया

## किम जोंग उन ने क्रूज मिसाइल परीक्षण का किया निरीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5000 टन वर्ग के 'चोए ह्योन' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया।

# लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 की मौत



■ बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है

**बेरूत।** लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दक्षिणी लेबनान के अल-शहाबिया में रातभर चले हमलों में सात लोगों की मौत हुई और 11 अन्य घायल हुए।

पूर्वी लेबनान के बालबेक जिले के तमनीन अल-तहता क्षेत्र में हुए हवाई हमले में सात लोगों की मौत हुई है और 18 लोग घायल हैं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार दक्षिणी लेबनान के बित जुबैल जिले के सफ अल-हवा इलाके में एक एसयूवी पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। इसी तरह नबतिएह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि बेका घाटी के जलाया क्षेत्र में भी एक व्यक्ति के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अन्य ड्रोन हमलों में बराशीत और तिबनिन क्षेत्रें में कई लोग घायल हुए हैं। बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इसके अलावा अली अल-नहरी (बेका घाटी) में हुए हमले में पांच लोग घायल हुए हैं। लेबनान के सामाजिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार इजरायली हमलों के बाद अब तक लगभग 7-8 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें से करीब 1-2 लाख लोग सरकारी राहत केंद्रों में रह रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना यूनिफिल ने सीमा से लगे अल्मा अल-शाब शहर से अपने कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। यह ईसाई बहुल शहर इजरायल सीमा के पास स्थित है, जहां इजरायली सेना की चेतावनियों के बावजूद कई निवासी अब तक वहां से नहीं गए थे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई कार्गो जहाज पर हमला, 20 लोग बचाए गए

बैंकॉक। ईरान इजरायल-अमेरिका युद्ध में महत्वपूर्ण हो चले समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड की एक कार्गो जहाज पर बुधवार को हमला होने के बाद चालक दल के 20 सदस्यों को बचाकर ओमान ले जाया गया है। रॉयल थाई नेवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसमें शामिल जहाज मयूरी नारी है और यह बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा की एक बंदरगाह से निकला था। होर्मुज इलाके में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे उस पर हमला हुआ। घटना के बाद, रॉयल थाई नेवी तुरंत बचाव कार्य में जुट गई। बचाए गए थाई चालक दल के सदस्यों को ओमान के खासाब पहुंचाया है। अधिकारी बाकी तीन सदस्यों की तलाश जारी रखे हुए हैं। थाई नौसेना ने कहा कि हमले की सही वजह की जांच की जा रही है।

# गंभीर मानवीय संकट से गुजर रहा है क्यूबाः संरा

## हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतितः स्टीफल

**न्यूयॉर्क।** क्यूबा में ईंधन की कमी ने एक मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिससे इस द्वीपीय देश की स्वास्थ्य प्रणाली एक नाजुक मोड़ पर पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतित हैं।

इसने ऊर्जा संकट को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र बिना किसी बाधा के क्यूबा तक सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका सहित सदस्य देशों के साथ बातचीत कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि अस्पतालों को बार-बार बिजली कटौती, आवश्यक दवाओं की कमी और महत्वपूर्ण उपकरणों को चलाने में असमर्थता का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कैंसर उपचार, डायलिसिस, आपातकालीन सेवाओं, शिशु और मातृ देखभाल, कोल्ड-चेन सिस्टम के साथ-साथ पुरानी और गैर-जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं में भारी व्यवधान आ रहा है। कार्यालय ने बताया कि लगभग 16000 कैंसर रोगियों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता है और कीमोथेरेपी पर निर्भर 12000 से अधिक लोगों को बिजली कटौती और संसाधनों की कमी के कारण आवश्यक उपचार नहीं मिल पा रहा है। एम्बुलेंस को ईंधन पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे आपातकालीन देखभाल में देरी हो रही है। ओसीएचए के अनुसार, लगभग दस लाख लोग टैंकर ट्रकों द्वारा पहुंचाए जाने वाले पानी पर निर्भर हैं, जिनके लिए ईंधन की आवश्यकता होती है। पानी पंप करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक बुनियादी ढांचे बिजली पर निर्भर हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर और लंबे समय तक सेवा बाधित हो रही है। कार्यालय ने कहा कि उत्पादन से लेकर भंडारण और वितरण तक खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाएं तेजी से प्रभावित हो रही हैं। 'कोल्ड-चेन सिस्टम' विफल हो रहे हैं, परिवहन बाधित हो रहे हैं और देश भर में बुनियादी खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में कमी आ रही है। अमेरिकी प्रशासन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह क्यूबा में कुछ तेल की अनुमति दे रहा है, लेकिन इसे केवल निजी क्षेत्र को बेचा जा सकता है, सरकार को नहीं। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

■ अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था



# खाड़ी देशों पर हमले को समर्थन नहीं

**बीजिंग।** चीन ने खाड़ी देशों पर हमलों का विरोध करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति बहाल करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की बात कही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को कहा कि चीन खाड़ी देशों पर हमलों का समर्थन नहीं करता है और नागरिकों तथा गैर-सैन्य लक्ष्यों पर होने वाले अंधाधुंध हमलों की निंदा करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में सबसे बड़ी प्राथमिकता शत्रुता और संघर्ष को और फैलने से रोकना है। चीन संबंधित पक्षों के साथ सहयोग बढ़ाकर क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के प्रयास जारी रखेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र में तनाव 28 फरवरी को उस समय बढ़ गया था जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कई ठिकानों, जिनमें तेहरान भी शामिल है, पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में भी तनाव बना हुआ है। दुबई से लगभग 50 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में बुधवार को एक मालवाहक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया, जिससे वह इस क्षेत्र में हाल के दिनों में निशाना बनाए गए तीसरे जहाज के रूप में सामने आया। ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) के अनुसार जहाज के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी पर्यावरणीय क्षति की सूचना नहीं है। इससे पहले ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप के उत्तर में एक कार्गो जहाज में आग लगने के कारण उसे खाली कराना पड़ा था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक अन्य जहाज भी क्षतिग्रस्त हुआ था।



■ शांति बहाल करने पर काम जारी रखेंगे : चीन

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108